दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी




बारिश के मौसम में बढ़ जाता है

युद्धविराम के बाद युद्ध

वर्ष : 12 | अंक : 196 | लखनऊ, 10 जुलाई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### नमाज के बाद गिरा जामा मस्जिद का गुंबद

**मथुरा।** यहां बुधवार की शाम चौक बाजार स्थित जामा मस्जिद की मुख्य गुम्बद का एक हिस्सा भरभरा कर गिर गया।



तेज धमाके के साथ गुंबद का हिस्सा गिरने से सब्जी मंडी व सर्राफा बाजार में खलबली मच गई। धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास गुजर रहे वाहन तक थम गए। मंगलवार की रात से ही कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही थी। नमाज हो चुकी थी।

### दीपक नांदल गैंग के 4 बदमाश ढेर

**गुरुग्राम।** क्राइम ब्रांच और कुख्यात गैंगस्टर दीपक नांदल गैंग के शूटरों के बीच एक भीषण मुठभेड़ हो गई है।



इस एनकाउंटर में गैंग के चार शूटरों के मारे जाने की प्रारंभिक सूचना है, जबकि पांचवें शूटर को गोली लगने के कारण पुलिस टीम गंभीर हालत में अस्पताल ले जा रही है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

### टीएमसी को बड़ा झटका 3 पूर्व सांसद भाजपा में

**नई दिल्ली।** टीएमसी को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसदों ने



भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने वालों में सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बराइक और सुखेंदु शेखर रॉय शामिल हैं। तीनों नेताओं ने कोलकाता में बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

### एक परिवार के 2 की मौत और 2 गंभीर

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में वित्तीय विवाद में जहर खाने से एक परिवार के दो सदस्यों की मौत हो



गई, जबकि दो अन्य लोग अस्पताल में जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं। मृतकों की पहचान निजी बैंक के कर्मचारी विकास बटिश और उनकी बेटी खुशी बटिश के रूप में हुई है। विकास की पत्नी तमन्ना व बेटे कनव बटिश का इलाज किया जा रहा है।

### रॉड से पीटा, गर्दन मरोड़कर बच्चे की हत्या

**बेंगलुरु।** यहां येलाहंका के पास एक रेजिडेंशियल स्कूल के फिजिकल एजुकेशन टीचर पर



आरोप है कि उसने 12 साल के बच्चे की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बागलूर के कदयारप्पनाहल्ली गांव में स्टर्लिंग इंग्लिश रेजिडेंशियल स्कूल में हुई। पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा में टीचर पर केस दर्ज किया है।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती, उठाए सवाल और चेतावनी दी

अधिकारियों की मिलीभगत पर जताई नाराजगी

# नगर निकायों को लगाई कड़ी फटकार अवैध कब्जों पर बताएं क्या कार्रवाई की

अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। इसके साथ ही अदालत ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी भी दी है और कार्रवाई करने को कहा है

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली- लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड की घटनाओं को लेकर कड़ा रख अपनाते हुए नगर निकायों को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में अवैध कब्जों को लेकर भी नाराजगी जताई और पूछा कि अवैध कब्जों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है? अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने घटना के बाद अधिकारियों द्वारा इज्जत बचाने के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों की भी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि घटनाओं के बाद सिर्फ बिल्डरों को ही गिरफ्तार किया जा रहा है, जबकि घटना वाले क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को छोड़ दिया जा रहा है। कोर्ट ने रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की सुनवाई अगली तारीख तक स्थगित कर दी।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और कमेटी को एक सच्ची रिपोर्ट सौंपनी चाहिए। बेंच ने कहा कि हम यह साफ करते हैं कि कमेटी की ओर से सच्ची रिपोर्ट देने में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर हमें इस पर शक हुआ तो रिपोर्ट की सच्चाई जानने के लिए इस कोर्ट से एक स्पेशल टीम भेजी जा सकती है।

**जमीन पर नहीं दिखी कार्रवाई तो दर्ज होगा अवमानना मामला**



सुप्रीम कोर्ट

### नगर निकायों को दिया अल्टीमेटम

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की पीठ ने अवैध कब्जों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मालवीय नगर की घटना, लखनऊ में लगी आग और साकेत में इमारत गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उम्मीद थी कि अधिकारी कुछ कार्रवाई करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अदालत ने ये भी पूछा कि मालवीय नगर की घटना के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई?

### मालवीय नगर में लगी थी आग

दिल्ली के मालवीय नगर में बीती 3 जून को एक होटल में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं लखनऊ में बीती 22 जून को एक व्यवसायिक परिसर में लगी आग में झुलसकर 15 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे नगर निकाय के आचरण से चिंतित हैं।

### विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने लाजपत नगर, साकेत और सरोजनी नगर जैसे इलाकों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है और एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश दिया है। इस विशेषज्ञ समिति में आईआईटी दिल्ली के सिविल विभाग के दो वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआईटी के दो ड्राफ्ट्समैन और अधिकारी कोर्ट द्वारा नियुक्त अधिकारी शामिल रहेंगे।

### 20 मई के आदेश के बाद क्या कार्रवाई की?

अदालत ने बीती 20 मई को सुरक्षा अधिकारियों को सुरक्षा मानदंड पर निर्देश जारी करने का आदेश दिया था। साथ ही अदालत ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी संज्ञान लिया, जिनमें बताया गया कि गुरुग्राम की 93 प्रतिशत इमारतें अग्नि सुरक्षा ऑडिट में फेल रही हैं। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अधिकारियों को 20 मई को निर्देश दिए गए थे कि क्या करना है?

### 4 तक कार्रवाई नहीं तो अफसर नपेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में गैर-कानूनी और असुरक्षित इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु के नगर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने उन जर्जर इमारतों को गिराने या खाली कराने के लिए की गई कार्रवाई की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है, जिनसे आपदा का खतरा हो सकता है। साकेत और मालवीय नगर में इमारत गिरने की घटना व अलीगंज में आग की घटनाओं का संज्ञान लिया।

### जिम्मेदारों पर होगा एक्शन

कोर्ट ने यह चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कमिश्नर, सीईओ और दूसरे जिम्मेदार अधिकारी अगली तारीख तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट रिकार्ड पर नहीं रखते या कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करते तो, उनके खिलाफ संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

---

## महाराष्ट्र की राजनीति में मचा बवाल

# शिंदे-शरद पवार की मुलाकात राउत बोले-भरोसा कम हो रहा



**अमन लेखनी समाचार/ मुंबई,**

एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के विधान भवन परिसर में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात पर बवाल मच गया है। शिवसेना यूबीटी के



सांसद संजय राउत ने इस पर शरद पर सवाल खड़े किए हैं। राउत ने कहा कि उनकी पार्टी शिंदे के ऑफिस में पवार की मीटिंग से परेशान और दुखी है और ऐसी हरकतों से उनके जैसे सीनियर लीडर पर भरोसा कम होता है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग गद्दारों की बड़ाई करने जैसा था। शरद की पार्टी ने राउत पर कड़े शब्दों में पलटवार करते हुए उन पर डबल स्टैंडर्ड अपनाने का आरोप लगाया और उन्हें याद दिलाया कि पवार की उनसे और शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे से हुई मीटिंग्स को पहले पॉलिटिकल स्टेट्समैनशिप कहा गया था। एक मीटिंग से क्यों घबरा रहे हैं?

### पवार ने शिंदे से सौजन्य भेंट की

शरद ने बुधवार को मुंबई में विधान भवन कॉम्प्लेक्स में शिंदे के ऑफिस में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की। पवार लंबे समय से पेंडिंग महाराष्ट्र-कर्नाटक बॉर्डर विवाद पर राज्य सरकार द्वारा बनाई गई हाई-पावर्ड कमेटी के मेंबर के तौर पर एक मीटिंग में शामिल होने के लिए विधानसभा परिसर में थे। पवार ने शिंदे से उनके चैंबर में कर्टजी विजिट की। राउत ने कहा कि शरद पवार एक सीनियर और इज्जतदार नेता हैं। एक सीनियर लीडर की क्रेडिबिलिटी तब कम होती है जब वह एक ऐसे गद्दार की छत के नीचे जाकर ऐसी मीटिंग्स करता है, जिसने हमारी सरकार गिरा दी।पवार का शिंदे के ऑफिस जाना देशद्रोहियों की बड़ाई करने जैसा है।

### भ्रष्टाचार फैलाने के पीछे शिंदे

उन्होंने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार की दीमकों के फैलने के पीछे शिंदे का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्या पूरी विधानसभा मौजूद नहीं थी (कि पवार को शिंदे के केबिन में मीटिंग करनी पड़ी)? वाईबी चव्हाण प्रतिष्ठान राष्ट्रवादी भवन भी पास में ही था। राउत ने कहा कि यह एक वफादार पार्टी वर्कर की राय है। हम इतने टॉलरेंट नहीं हैं कि गद्दारों के ऑफिस में मीटिंग करने दें। हमारा दिल इतना बड़ा नहीं है और हम ऐसा भी नहीं करेंगे।

---

## ममता को कोर्ट से राहत

# पार्टी के तीनों खातों से पैसा निकाल सकेगी 'टीएमसी'

**अमन लेखनी समाचार/ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में 2बड़े घटनाक्रम सामने आए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम ममता बेनर्जी



की गुट वाली टीएमसी को पार्टी के फ्रीज किए गए 3बैंक खातों के संचालन के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त कर दिया, वहीं पूर्व मंत्री अरूप विश्वास पर कथित अंडे फेंकने की घटना पर कहा,आरोपियों की सार्वजनिक बेइज्जती है।

### खातों का सीमित इस्तेमाल हो सकेगा

जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने रिटायर्ड जज जस्टिस सुब्रत तालुकदार को 30 सितंबर तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया। उनकी निगरानी में ही बैंक खातों का सीमित इस्तेमाल कर सकेगी। कोर्ट ने साफ कर दिया कि खातों से सिर्फ पार्टी के रोजमर्रा के संचालन और कानूनी मामलों से जुड़े खर्च ही किए जा सकेंगे। स्पेशल ऑफिसर किसी भी अन्य बड़े या छोटे खर्च की अनुमति नहीं देंगे।

## झांसा देकर 16 करोड़ की ठगी

# पुलिस ने फर्जी कंपनी के तीन निदेशक समेत 6 को दबोचा



**अमन लेखनी समाचार/हावड़ा**

महज 25 महीने में निवेश की राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में हावड़ा सिटी पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) की टीम ने एक फर्जी निवेश कंपनी के3 निदेशकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### '51 कदम पीछे मत देखना'... बुजुर्ग महिला से 3.05 लाख के जेवर पार

**नागपुर।** धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर ठगी करने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हैं। इमामवाड़ा थाना क्षेत्र में 2अज्ञात युवकों ने 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला मेडिकल रोड निवासी सुजाता भगवानलाल अग्रवाल को धार्मिक बातों में उलझाकर करीब 3.05 लाख के सोने के जेवरात और मोबाइल ठग लिए। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए।

## महाराष्ट्र में भी लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

# फडणवीस ने रिटायर्ड जज देसाई के नेतृत्व में बनाई 7 सदस्यीय कमेटी

### 6 महीने में रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद

**अमन लेखनी समाचार/ मुंबई,**

महाराष्ट्र में भी अब यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। राज्य की फड़नवीस



सरकार ने इसको लेकर गुरुवार को 7 सदस्यों वाली एक कमेटी के गठन करने ऐलान किया है। कमेटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज रंजना देसाई करेंगी।विधानसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कमेटी के अन्य सदस्यों में हाई कोर्ट के पूर्व जज आरसी चव्हाण और एसजी मेहरे, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव डीके जैन, पूर्व एडवोकेट जनरल वीरेंद्र सराफ, संवैधानिक मामलों के जानकार रमेश पतंगे और शिक्षाविद सुवर्णा रावल शामिल हैं।

### शीतकालीन सत्र में करेंगे पेश

फडणवीस कहा कि समिति से छह महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम नागपुर में राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने का प्रयास करेंगे। संविधान में निहित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों का हवाला देते हुए फडण वीस ने कहा कि तदनुसार एक समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए एक ढांचा तैयार करने हेतु न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।महाराष्ट्र से पहले, असम और गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता के लिए कानून का मसौदा तैयार करना शुरू कर दिया था।

---

## पंजाब कांग्रेस में बगावत खत्म होने के संकेत

# बैकफुट पर चन्नी, नेतृत्व के आदेश पर काम करेंगे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पंजाब कांग्रेस में बगावत पर हाईकमान के कड़े रुख के बाद अब नाराज नेताओं का गुट बैकफुट पर आ गया है। पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी ने कहा कि कांग्रेस को एकजुट करके चलना हमारा मकसद है। पार्टी हाईकमान जो रणनीति बनाएगा हम मिलकर साथ चलेंगे। चन्नी ने चंडीगढ़ में अपने समर्थकों के साथ बैठक की। इससे पहले प्रियंका गांधी ने चन्नी से फोन पर बात की थी। भूपेश बघेल पूर्व मंत्री ब्रह्म महेंद्र को मनाने पहुंचे। बघेल का दावा है कि सभी नाराज नेता जल्द एकजुट हो जाएंगे।

## समर्थकों के साथ की बैठक, प्रियंका ने चन्नी से की बात



### इस वक्त हम कोई प्रयोग नहीं कर सकते: चन्नी गुट

चन्नी गुट के समर्थक विधायक परगट सिंह ने कहा कि हम पंजाब में इस वक्त एक्सपेरिमेंट नहीं कर सकते। उनका निशाना हाल ही में हाईकमान द्वारा नियुक्त किए गए 3 नए कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्षों पर था। हमारे बीच मतभेद हो सकता है लेकिन हम सभी कांग्रेसियों का मकसद पंजाब में आप और भाजपा द्वारा बनाई जा रही रणनीति को ध्वस्त करना है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में किसी मुद्दे पर मतभेद होना कोई गलत बात नहीं है। हरेक बात का अपना मूल्य होता है।

### भाजपा ने साधा निशाना- यहां खेल चल रहा



बगावत पर भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने कहा कि भूपेश बघेल का बयान कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी तानाशाही, वंशवादी राजनीति और चापलूसी वाली कार्यप्रणाली को साफ तौर पर दिखाता है। गांधी-नेहरू परिवार पिछले सात दशकों से पंजाब के साथ 'गुड्डा-गुड्डी' का खेल खेल रहा है।

### हुड्डा-सुरजेवाला के बीच जबरदस्त बयानबाजी



हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से चल रही गुटबाजी अब दिखाई देने लगी है। प्रदेश प्रभारी संजय दत्त की मौजूदगी में बैठक के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के मध्य बयानबाजी ने अंदरूनी मतभेदों को सामने ला दिया है।

---

## सरकार का बड़ा फैसला

# अब ईवी कमर्शियल वाहनों को मिलेगी 7 साल की परमिट छूट

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है जिसे सुनकर कमर्शियल और ट्रांसपोर्ट गाड़ी चलाने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक नया नोटिस जारी किया है, जिसमें अब कुछ खास तरह के कमर्शियल वाहनों को 7 साल तक के लिए कमर्शियल परमिट लेने की अब झंझट नहीं रहेगा। सरकार का यह फैसला देश में साफ-सुथरे फ्यूल यानी ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।



### इन 4 तरह के कमर्शियल वाहनों मिलेगा फायदा

अब सभी बैटरी से चलने वाले वाहनों को 7 साल तक किसी भी तरह का परमिट लेने की जरूरत नहीं होगी। एथेनॉल, मेथेनॉल और भविष्य के फ्यूल से चलने वाले कमर्शियल पैसेंजर और माल ढोने वाले वाहनों को शामिल किया है।

# प्रदेश में सड़कों के किनारे लगेंगे 2 करोड़ से अधिक पौधे

## 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे लगाये जायेंगे 5.50 लाख पौधे


अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की सड़कों के किनारे भी पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे, लोकनिर्माण, ग्राम पंचायतों, आवास विकास, पंचायती राज, नगर विकास आदि की सड़कों के किनारे भी पौधरोपण होगा। इसके लिए नोडल वन विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से दो करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

मिशन छाया के अंतर्गत सड़क किनारे पौधरोपण के लिए 2336 स्थल पर 11325 हेक्टेयर में पौधे रोपित होंगे। मार्गों के किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधों का रोपण होगा। इसमें पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, नीम, शीशम, जामुन, महुआ, आम, महोगनी, अर्जुन, चिलबिल, गुलमोहर, जकरकंडा, कचनार, अमलतास आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रदेश के एक्सप्रेसवे के किनारे भी पौधरोपण किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे।

594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर



- पौधरोपण के लिए 2336 स्थल पर 11325 हेक्टेयर में पौधरोपण

हर एक किमी. पर हरिशंकरी (पीपल, पाकड़, बरगद) रोपा जाएगा। बीच में पीपल, पाकड़, बरगद के साथ-साथ नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग व सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन सुनिश्चित की जाएगी।

### कुछ महत्वपूर्ण मार्गों पर भी लगेंगे पौधे

- दिल्ली-लखनऊ मार्ग
- गंगा एक्सप्रेसवे
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे हाईवे गौतमबुद्धनगर
- ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (शेखपुर से साथीपुर दाईं पटरी)

सड़क किनारे पौधरोपण के लिए वन संग यह विभाग करेंगे सहयोग

- ग्राम्य विकास- ग्राम सभा, ग्रामीण सड़कों के किनारे
- पंचायती राज- पंचायत सड़कों पर रोपण
- नगर विकास- शहरी क्षेत्रों में सड़कों की पटरी
- लोक निर्माण- राजमार्ग, जिला मार्ग, पंचायत मार्ग, एप्रोच मार्गों के किनारे, ग्रामीण सड़कों के किनारे ट्री गार्ड के साथ पौधरोपण

मिशन छाया के अंतर्गत सड़कों के किनारे छायादार व फलदार पौधे लगाए जाएंगे। हाल में ही बने गंगा एक्सप्रेसवे पर 5.50 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वहीं अन्य एक्सप्रेसवे आदि पर भी पौधरोपण होगा। वन विभाग व अन्य विभाग मिलकर सड़कों के किनारे दो करोड़ से अधिक पौधे लगाएगा।

**अदिति शर्मा, मुख्य वन संरक्षक (प्रचार/प्रसार)**

## योगी रविवार को गोरखपुर में लगायेंगे एक पेड़ मां के नाम

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** योगी सरकार 12 जुलाई को 35 करोड़ पौधेरोपण करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों हुई बैठक में विशेष निर्देश दिया था कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह उत्सव जनसहभागिता से मनाया जाए। इसे देखते हुए केंद्र/प्रदेश सरकार के मंत्री अलग-अलग जनपदों में जाकर पौधरोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में ह्यएक पेड़ मां के नाम लगाएंगे तो वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी व ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी लखनऊ में ही पौधा रोपेंगे। वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना व राज्यमंत्री केपी मलिक मुख्यमंत्री के साथ पौधरोपण महायज्ञ में शामिल होंगे।

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी व ब्रजेश पाठक लखनऊ में करेंगे पौधरोपण
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित केंद्रीय मंत्री भी लगाएंगे एक पेड़ मां के नाम

प्रदेश सरकार की ओर से होने वाले पौधरोपण महायज्ञ में केंद्र सरकार के मंत्री भी आहुति डालेंगे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी लखनऊ, जयंत चौधरी बागपत, जितिन प्रसाद पीलीभीत, अनुप्रिया पटेल मीरजापुर, एसपी सिंह बघेल आगरा, कीर्तिवर्धन सिंह गोंडा, बीएल वर्मा बदायूं, कमलेश पासवान देवरिया में पहुंचकर प्रदेश सरकार के इस महाभियान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों को अलग-अलग जनपद में पहुंचकर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सूर्यप्रताप शाही देवरिया, आशीष पटेल मीरजापुर, सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, स्वतंत्र देव सिंह जालौन, भूपेंद्र चौधरी मुरादाबाद, योगेंद्र उपाध्याय आगरा, बेबीरानी मौर्या एटा, लक्ष्मी नारायण चौधरी मथुरा, जयवीर सिंह फिरोजाबाद, धर्मपाल सिंह बरेली, नंदगोपाल गुप्ता ह्यनंदीह्न प्रयागराज, अनिल राजभर चंदौली, राकेश सचान कानपुर नगर, एके शर्मा आजमगढ़, संजय निषाद अंबेडकरनगर, ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर, दारा सिंह चौहान मऊ, सुनील कुमार शर्मा नोएडा, मनोज पांडेय प्रतापगढ़, अनिल कुमार बिजनौर में रविवार को पौधरोपण करेंगे। इसके अलावा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्री भी अलग-अलग जनपदों में पौधरोपण करेंगे।

आयोगों, बोर्ड आदि के अध्यक्ष व चेयरमैन भी जनता के बीच रहकर विभिन्न जनपदों में पौधरोपण करेंगे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान बदायूं, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत श्रावस्ती, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता हमीरपुर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा लखीमपुर खीरी, महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह मैनपुरी, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अध्यक्ष राकेश गर्ग कासगंज, बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष कुमकुम धर बलरामपुर, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव उन्नाव, चारू चौधरी संतकबीरनगर में पौधरोपण महाअभियान में शामिल होंगी।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक मजदूर युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गोंडा जिले के नगर कोतवाली थाना अंतर्गत गरीबे पुरवा निवासी कन्हैयालाल उपाध्याय का बेटा शुभम उपाध्याय (26) बिजनौर के गढ़ी मोहल्ला में रहने वाले कमलेश कुमार बहेलिया के बिजनौर में ही नटकुर के बालाजीपुरम कॉलोनी स्थित मकान में किराए पर रहकर कुछ दूर स्थित मदर्शन कंपनी में काम करता था। वह कुछ दिनों पहले अपने गांव चला गया था और मंगलवार को ही घर से वापस लौटा था। यहाँ उसके साथ दो अन्य लड़के भी उसी कमरे में रहकर साथ में नौकरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक शुभम के साथ रहने वाले दोनों लड़के बुधवार सुबह 6 बजे ड्यूटी पर चले गए, जबकि शुभम दूसरी शिफ्ट में दोपहर बाद 2 बजे ड्यूटी जाने की बात कह कर कमरे पर ही रुक गया।लेकिन जब दोपहर बाद दोनों लड़के ड्यूटी से वापस लौटे तो शुभम कमरे के अंदर पंखे में चादर के सहारे मृत लटका मिला। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के भाई मनोज को घटना की सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

# 30 वर्षों बाद बदलेगी जौखंडी के जर्जर मार्ग की तस्वीर

## विधायक अमरेश कुमार रावत ने किया इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के गोसाईगंज स्थित जौखंडी ग्राम पंचायत में गुरुवार को लगभग 300 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने किया। इस सड़क का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) द्वारा कराया जाएगा। लंबे समय से जर्जर पड़े इस मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

खेमा खेड़ा संपर्क मार्ग से जौखंडी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक जाने वाला यह रास्ता पिछले लगभग 30 वर्षों से बदहाल स्थिति में था। जगह-जगह टूटे खड़ंजे और कीचड़ के कारण ग्रामीणों, श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार मार्ग



की मरम्मत और निर्माण की मांग उठाई गई, जिसके बाद अब इस सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्य को स्वीकृति दिलाने और निर्माण की पहल कराने में ग्राम प्रधान मोहम्मद शब्बीर तथा आशीष त्रिपाठी (मंटू महराज) का विशेष योगदान रहा। इंटरलॉकिंग सड़क बनने से न केवल ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि गांव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्य सड़क से भी सीधे जुड़ जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि अभिषेक रावत, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जूनियर इंजीनियर रविंद्र यादव, ग्राम प्रधान दिग्विजय चौरसिया (भौंरा खुर्द), चंद्रशेखर गौतम, रियाजुद्दीन, मो. इलियास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक अमरेश कुमार रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के निर्माण और विकास कार्यों के लिए लगातार बजट उपलब्ध करा रही है। उनका उद्देश्य प्रत्येक गांव तक बेहतर, स्वच्छ और कीचड़ मुक्त मार्ग उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे भी जारी रखा जाएगा।

# रिटायर फौजी पर ईंट गुमे से हमला कर भाग रहे हमलावरों को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौपा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र वृन्दावन योजना सेक्टर 6 फौजी चौराहे पर बिना नम्बर प्लेट बाइक से अराजकतत्वों ने सेना से रिटायर एक फौजी पर गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर से हमला कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर भागने लगे जिन्हें कालोनी वासियों ने दौड़ाकर धर दबोचा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने दोनो युवकों को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू कर दी । वही फौजी ने पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार सेना से सुबेदार पद से रिटायर बृजेश शुक्ला सेक्टर 6 बी वृन्दावन योजना थाना पीजीआई लखनऊ मे परिवार के साथ रहते है। और वही फौजी चौराहे पर ट्रेडर्स की दुकान चलाते है। इन्होंने ने बताया बीते बुधवार की शाम बारिश बंद होने के बाद एक अंजान युवक बार-बार हमे ताड़ रहा था टोकने पर उसने जान से मारने की धमकी देने लगा इसी बीच बिना नम्बर प्लेट की स्पेलेन्डर बाइक से तीन युवक और आ गए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए दुकान पर ईंट गुमे चलाने शोर मचाने पर भागने लगे । शोर सुनकर जुटे कालोनी वासियों ने दौड़ाकर दो युवकों को बाइक समेत पकड़ लिया गया इनके दो साथी भागने मे कामयाब रहे। घटना की सूचना पुलिस दी मौके पर आयी पुलिस ने दोनो को हिरासत मे लेकर थाने चली गई। चार युवकों को कालोनी मे कभी नही देखा है। फिलहाल घटना की लिखित शिकायत पुलिस से कर रखी है। पीजीआई पुलिस के अनुसार बलवा करने वाले चारो युवक नेपालगंज तेलीबाग के रहने वाले है चारों के खिलाफ शांति भंग मे कार्रवाई की गई है।

# रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल, रहीमाबाद के दरोगा निलंबित

## धोखाधड़ी के मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये मांगने का आरोप

**एसीपी अलीगंज को सौंपी गई विभागीय जांच**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाने में तैनात एक दरोगा का रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में दरोगा धोखाधड़ी के एक मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर आरोपी के भाई से डेढ़ लाख रुपये की मांग करता दिखाई दे रहा है। हालांकि अमन लेखनी समाचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार, माल थाना



रिश्वत आरोपी दारोगा गुड्डू – फोटो

क्षेत्र के करेंद गांव निवासी विष्णु कुमार द्विवेदी ने संयुक्त पुलिस आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके भाई संतोष कुमार द्विवेदी वर्ष 2023 में लापता हो गए थे। उस समय उनके बेटे शुभम ने माल थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में वर्ष 2026 में गहदो स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक की तहरीर पर संतोष कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा रहीमाबाद थाने में दर्ज हुआ, जिसकी विवेचना दरोगा गुड्डू प्रसाद कर रहे थे।

पीड़ित का आरोप है कि विवेचक दरोगा ने मुकदमे में राहत दिलाने के बदले डेढ़ लाख रुपये की मांग की। करीब तीन मिनट 50 सेकेंड के वायरल वीडियो में एक लाख रुपये में सौदा तय होने जैसी बातचीत भी सुनाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। प्रारंभिक स्तर पर रिश्वत मांगने के आरोपों के आधार पर दरोगा गुड्डू प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच एसीपी अलीगंज को सौंप दी गई है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक का कहना है कि वायरल वीडियो के संबंध में दरोगा की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

# दो अलग अलग जगहों पर दो गायों की करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बारिश में पोल और बिजली व्यवस्था की लापरवाही अब जानलेवा बन गई है। आवारा पशुओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। करंट की चपेट में आने से दो अलग-अलग जगहों पर दो गायों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है।

गुरुवार दोपहर को रहीमाबाद क्षेत्र में हुई बारिश के चलते राहटा गांव में रामा की गाय अचानक घास चरते हुए सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के पोल के पास जा पहुंची जहां पोल में करंट उतर आया और चपेट में आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक



मृत अवस्था में पड़ी गाय – फोटो

उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सभी ने बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और नाराजगी जताई।

इससे कुछ घंटे बाद रहीमाबाद के कैथन खेड़ा गांव निवासी राधेश्याम की गाय खड़ंजे के किनारे बिजली पोल के लगे स्टे के पास घास चर रही थी तभी करंट प्रवाहित हो रहे स्टे के कारण उसकी चपेट में आने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई थी। लगातार दो घटनाओं ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। सवाल उठ रहा है कि सड़कों पर लगे खंभों की नियमित जांच क्यों नहीं होती है।

इस संबंध में माल अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दो जगहों पर करंट की चपेट में आने से दो गायों की मौत की घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# विवाहिता के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के चिल्लावां स्थित कब्रिस्तान मदरसा में एक विवाहिता के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पारा के बुद्धेश्वर स्थित रसीद अली मुर्गी फार्म निवासी महिला रुखसाना ने सरोजनी नगर के चिल्लावां स्थित कब्रिस्तान मदरसा निवासी जावेद, कमर जहां और महसर नसरीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुखसाना ने आरोप लगाया है कि अमरीन के पति जावेद, कमरजहां और महसर नसरीन सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने अमरीन के साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसका कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद उसने सरोजनीनगर थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

# स्टांप जांच के दायरे में एलडीए की लीज व किराये की संपत्तियां

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा निजी एजेंसियों को लीज और किराये पर दी गई करीब 2,000 व्यावसायिक एवं अन्य संपत्तियां अब स्टांप शुल्क जांच के दायरे में आ गई हैं। निबंधन विभाग को आशंका है कि इन संपत्तियों के अनुबंधों में नियमानुसार स्टांप शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है। इसे देखते हुए सहायक आयुक्त स्टांप (द्वितीय) ने एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र भेजकर सभी संबंधित पत्रावलियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

जांच के दायरे में हजरतगंज स्थित जनपथ मार्केट, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे का कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, पेपर मिल कॉलोनी, मोती झील समेत वे सभी संपत्तियां शामिल हैं, जिन्हें एलडीए ने आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) प्रक्रिया के माध्यम से संचालन, अनुरक्षण, लीज या किराये पर निजी एजेंसियों को आवंटित किया है। सहायक आयुक्त स्टांप (द्वितीय) रमेश चंद्र की ओर से 25 जून को जारी पत्र में कहा गया है कि कई मामलों में स्टांप शुल्क देय होने के बावजूद दस्तावेजों का विधिवत परीक्षण नहीं हो पाता, जिससे सरकारी राजस्व की हानि होती है। इसी कारण शासन के पूर्व





**निबंधन विभाग ने मांगी फाइलें**

निर्देशों और भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 के प्रावधानों के तहत सभी संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा गया है। पत्र में भारतीय स्टांप अधिनियम की धारा-33 और धारा-35 का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई दस्तावेज पर्याप्त स्टांप शुल्क के बिना प्रस्तुत किया जाता है, तो संबंधित अधिकारी उसे इंपाउंड (जब्त) कर सकता है तथा आगे की कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी को भेज सकता है। ऐसे दस्तावेजों को आवश्यक स्टांप शुल्क जमा होने तक साक्ष्य के रूप में भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। जांच के दायरे में गेस्ट हाउस, फूड वैली, पार्किंग, स्पोर्ट्स एक्टिविटी सेंटर तथा अन्य व्यावसायिक परिसंपत्तियां भी शामिल हैं। एलडीए के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी अनुबंधों और अभिलेखों को जल्द उपलब्ध कराया जाए, ताकि स्टांप देयता का परीक्षण किया जा सके।

## अलीगंज अग्निकांड की अवैध इमारत पर फैसला आज

**लखनऊ।** अलीगंज अग्निकांड में 15 बच्चों की मौत के बाद विवादों के केंद्र में आई कॉमर्शियल बिल्डिंग के भविष्य पर फैसला अब शुक्रवार को आएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के विहित प्राधिकारी एवं संयुक्त सचिव अतुल कुमार ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अब शुक्रवार को यह स्पष्ट होगा कि भवन को ध्वस्त करने का आदेश दिया जाएगा या भवन स्वामियों को कोई राहत मिलेगी।

गुरुवार को हुई अंतिम सुनवाई के दौरान भवन स्वामियों की ओर से अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित ध्वस्तीकरण का विरोध किया। सुनवाई के दौरान बिल्डिंग मालिक की ओर से पेश वकीलों ने अदालत को बताया कि भवन में जितना भी अवैध निर्माण है, उसे मालिक स्वयं अपने खर्च पर ध्वस्त कराने को तैयार है। साथ ही नई भवन निर्माण नीति के तहत शमन मानचित्र (कंपाउंडिंग) पास करने की अनुमति देने की मांग की गई।

बिल्डिंग मालिक के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि भवन में संचालित व्यावसायिक गतिविधियां किराएदार द्वारा की जा रही थीं और उसमें भवन स्वामी की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। उन्होंने एलडीए की ओर से जारी नोटिस पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि भवन का कितना हिस्सा अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने

- एलडीए की विहित कोर्ट ने आदेश रखा सुरक्षित

के बाद विहित प्राधिकारी ने एलडीए के जूनियर इंजीनियर (जेई) से स्थिति स्पष्ट करने को कहा।

जेई ने बताया कि भवन का नक्शा केवल बेसमेंट सहित दो मंजिल तक स्वीकृत था, जबकि तीसरी मंजिल पूरी तरह अवैध रूप से बनाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि 20 वर्गमीटर बेसमेंट की अनुमति थी, लेकिन मौके पर करीब 134 वर्गमीटर का बेसमेंट निर्मित मिला। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विहित प्राधिकारी ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अब एक-दो दिन में यह तय होगा कि इमारत के अवैध हिस्से पर बुलडोजर चलेगा या फिर शमन मानचित्र स्वीकृत कर नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

एलडीए के अनुसार अलीगंज सेक्टर-डी स्थित कॉम्प्लेक्स संख्या-102 का क्षेत्रफल 185 वर्गमीटर है। वर्ष 2014 में इस भूखंड पर केवल आवासीय भवन का मानचित्र स्वीकृत किया गया था। आरोप है कि स्वीकृत मानचित्र की शर्तों का उल्लंघन करते हुए सेटबैक क्षेत्र को भी कवर कर बेसमेंट, भूतल और तीन मंजिलों तक व्यावसायिक निर्माण कर लिया गया। इसके अलावा पिछले करीब दस वर्षों से भवन का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जबकि मास्टर प्लान में यह भूखंड आज भी आवासीय श्रेणी में दर्ज है।

## डालीबाग में मुख्तार अंसारी से मुक्त जमीन पर बने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की बढ़ी मांग

**लखनऊ।** राजधानी के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर बने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को लेकर लोगों में एक बार फिर जबरदस्त रुचि देखने को मिली है। दो निरस्त आवंटनों के लिए एलडीए की ओर से खोले गए पुनः पंजीकरण में 369 लोगों ने आवेदन किया है। हैदर कैनाल बांध के पास करीब 20 मीटर चौड़ी सड़क से सटे इस आवासीय परिसर में कुल 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गए हैं। बेहतर लोकेशन और किफायती कीमत के कारण इस योजना को पहले भी लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। पिछले वर्ष 72 फ्लैटों के आवंटन के लिए करीब 8,100 आवेदन प्राप्त हुए थे। एलडीए अधिकारियों के मुताबिक, पहले आवंटित किए गए दो फ्लैटों के लाभार्थियों ने निर्धारित समय सीमा में फ्लैट की तय धनराशि जमा नहीं की थी। इसके बाद प्राधिकरण ने दोनों आवंटन निरस्त कर दिए और खाली हुए फ्लैटों के लिए दोबारा पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों के लिए है। योजना में आवेदन करने के लिए आवेदक की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक या उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम लखनऊ में कोई आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। पात्रता के लिए आवेदन के साथ शपथ पत्र देना भी अनिवार्य है। एलडीए की इस योजना में प्रत्येक फ्लैट का क्षेत्रफल करीब 35 वर्गमीटर है। फ्लैट की कीमत लगभग 10 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसमें दो कमरे, अलग शौचालय, स्नानघर और बालकनी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**दो फ्लैटों के लिए एलडीए को मिले 369 आवेदन**

## संक्षेप

### निर्माणाधीन चौकी अधर में लटकी

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार सर्किल व पुरवा सर्किल सीमा पर प्रस्तावित चौकी का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से अधर में लटका पड़ा है। बिहार से मौरावां मार्ग पर सड़क के किनारे गाँव कम होने से अपराधियों के लिए ये रोड हमेशा से मुफीद साबित हुई है। गौरतलब है प्रस्तावित चौकी थाना बिहार से मौरावां मार्ग पर 07 किलोमीटर दूर मलौना चौराहे पर बननी थी। करीब 5 वर्ष पूर्व थाना प्रभारी रहे विकास पांडेय की देखरेख में चौकी का निर्माण कार्य शुरू भी हो गया था। चौकी स्थल पर पिलर डाल के बीम भी पड़ गयी थी लेकिन थाना प्रभारी विकास पांडेय का प्रमोशन अउध कानपुर हो जाने से तबादला हो गया जिसके कारण चौकी का कार्य अधर में लटक गया। जिस जगह चौकी बन रही थी उससे कुछ दूर पर रायबरेली सीमा भी प्रारंभ होती है। बिहार थाना क्षेत्र का विस्तार अधिक होने से व पुलिस स्टाफ की कमी होने से अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए कठिन हो गया है। इस अधर में लटकी चौकी का निर्माण कार्य पूरा करा यदि प्रशासन गंभीरता से ले ले तो निश्चित ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है।

### निर्माणाधीन पुल का काम पड़ा अधूरा ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकासखंड नवाबगंज के मकूर गांव स्थित शारदा नहर की आसीवन ब्रांच पर निर्माणाधीन पुल का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों और किसानों की परेशानी बढ़ गई है। पुल निर्माण के दौरान आवागमन के लिए बनाया गया अस्थायी रास्ता अब नहर के जल प्रवाह में बाधा बन रहा है, जिससे आगे के गांवों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जर्जर पुल को तोड़कर नए पुल का निर्माण शुरू किया गया था। इस दौरान आवागमन के लिए नहर पर अस्थायी मार्ग बनाया गया। मई में सिंचाई के लिए नहर में पानी छोड़े जाने पर विभाग ने जल प्रवाह सुचारु रखने के लिए अस्थायी रास्ता काट दिया था, लेकिन ग्रामीणों ने पाइप डालकर दोबारा रास्ता बना लिया। किसानों का आरोप है कि इससे नहर का बहाव कम हो गया है और कुशुंभी, देवीनखेड़ा, सूबेदारखेड़ा, कुंजपुर सहित कई गांवों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसान गौरव सिंह, आलोक सिंह, सुभाष, रामकेशन और रामबाबू समेत अन्य ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता, नहर विभाग को डाक द्वारा रजिस्ट्री भेजकर अस्थायी बांध हटाने और नहर में पूर्ण क्षमता से जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। वहीं मकूर के ग्रामीणों ने अधूरे पुल का निर्माण जल्द पूरा कराने की भी मांग उठाई है ताकि आवागमन की समस्या समाप्त हो सके। इस संबंध में अवर अभियंता अंकुरम बाजपेयी ने बताया कि जल्द ही ब्रांच क्लोजर का अनुमोदन मिलने के बाद पुल निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग एक पखवाड़े में पुल का निर्माण पूरा कर नहर को खोल दिया जाएगा, जिससे नहर में पूर्ण क्षमता के साथ पानी का बहाव शुरू हो सकेगा।

## लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां की तेज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। 13 जुलाई को प्रस्तावित कानपुर-लखनऊ अवध एक्सप्रेसवे के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार दोपहर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने उद्घाटन समारोह में आने वाले अतिथियों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य

व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने उद्घाटन समारोह में आने वाले अतिथियों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य

व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बैरिकेडिंग, प्रवेश और निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट, पुलिस बल की तैनाती तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की गई इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की सुचारु आवाजाही के लिए पार्किंग व्यवस्था, डायवर्जन प्लान और यातायात प्रबंधन का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और आगंतुकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं और एंबुलेंस की उपलब्धता जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक व्यवस्था का पूर्वाभ्यास सुनिश्चित करने को भी कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का उद्देश्य उद्घाटन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराना है, जिसके लिए सभी विभागों को निर्धारित समय के भीतर अपनी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस के हत्थे चढ़े गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत औरास थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे गैंगलीडर समेत दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि बीते 6 जुलाई को औरास थाने में मु0अ0सं0 175/2026 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने कस्बा औरास से ही दोनों वांछित अभियुक्तों को घेराबंदी कर दबोच लिया।




### गैंगलीडर समेत दो दबोचे

पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्तों में अंकित गुप्ता (26 वर्ष) पुत्र राजकुमार गुप्ता शामिल है, जो इस गैंग का सरगना (गैंगलीडर) है। इसके साथ ही उसके साथी विशाल उर्फ सौरभ कश्यप (25 वर्ष) पुत्र राजकुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी औरास कस्बे के ही मोहल्ला श्यामनगर के रहने वाले हैं।

### चोरी और जालसाजी का लंबा आपराधिक इतिहास

थाना प्रभारी के मुताबिक, पकड़े गए दोनों आरोपी बेहद शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनके खिलाफ औरास थाने के अलावा कानपुर नगर के अरौल थाने में भी चोरी, धोखाधड़ी, जालसाजी और आर्म्स एक्ट के तहत करीब आधा दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं। दोनों शातिरों के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों के आधार पर ही गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

### यह रही पुलिस टीम

गैंगस्टरों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाली इस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के साथ कांस्टेबल विजय कुमार सिंह और कांस्टेबल संदीप राज मुख्य रूप से शामिल रहे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## आवारा सांड के हमले से घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड की ग्राम पंचायत सारू खेड़ा के ददई खेड़ा गांव में आवारा सांड के हमले में घायल एक किसान की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ददई खेड़ा निवासी 55 वर्षीय अंजनी कुमार पुत्र गंगा विशुन सोमवार को अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें कई बार पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद उनके पुत्र अनमोल पटेल ने शोर मचाकर ग्रामीणों की मदद से सांड को भगाया और अपने पिता को बचाया। परिजन और ग्रामीण तुरंत अंजनी कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही। गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक अंजनी कुमार अपने पीछे पत्नी हेमलता, बड़ी बेटी दीपाली पटेल,



छोटी बेटी अनुष्का पटेल और पुत्र अनमोल पटेल को छोड़ गए हैं। दीपाली बीटीसी की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि अनुष्का स्नातक के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी हैं। पुत्र अनमोल ने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है और आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा गोवंश लंबे समय से किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बने हुए हैं। खेतों में काम करने वाले किसानों पर ऐसे हमले की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।

## कृषि विभाग की टीम ने कीटनाशक दुकानों पर किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कृषि विभाग की टीमों ने उन्नाव जिलेभर में कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर पांच दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, जबकि 12 संदिग्ध कीटनाशकों के नमूने जांच के लिए एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के तहत, जिला कृषि रक्षा अधिकारी भीमसेन ने सदर और सफीपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश ने पुरवा तथा जिला कृषि अधिकारी शशांक ने हसनगंज और बांगरमऊ क्षेत्र की कीटनाशक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच की। जांच में कई प्रतिष्ठानों पर आवश्यक अभिलेखों के रखरखाव और नियमों के पालन में अनियमितताएं पाई गईं। इस पर संबंधित पांच दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान 12 संदिग्ध कीटनाशकों के नमूने भी नियमानुसार लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने सभी कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप और अधिकृत कंपनियों के कीटनाशकों की बिक्री करें। दुकानों पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, कैश मेमो, वितरण रजिस्टर और स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से अद्यतन रखें। साथ ही, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय से निर्धारित मात्रा संबंधी बैनर एवं 'ग्रो सेफ' पोस्टर प्राप्त कर अपने प्रतिष्ठान पर प्रमुखता से प्रदर्शित करें। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना किसी वैध कारण के दुकानें बंद न रखें और किसानों को निर्धारित मूल्य पर ही कीटनाशकों की बिक्री सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिली तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग का कहना है कि यह अभियान किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। आदान उपलब्ध कराने और नकली अथवा घटिया कीटनाशकों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। आगे भी जिले में ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

## नहीं खुला टिकट काउंटर बिना टिकट यात्रा करना यात्री की मजबूरी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बैसवारा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आयी और चली गयी न टिकट लेना पड़ा न ही टिकट कॉउंटर खुला। तहसील क्षेत्र के पौराणिक एवं एतिहासिक बैसवारा के नाम पर बना बैसवारा रेलवे स्टेशन' अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। रेलवे विभाग ने इस महत्वपूर्ण स्टेशन को हाल्ट बनाने के साथ-साथ सभी सुविधाएं खत्म कर दी हैं। बैसवारे के नाम पर सरकारी संस्थानों में केवल एक मात्र बैसवारा रेलवे स्टेशन ही है।

इस स्टेशन को हाल्ट बना कर और एमएसटी पास आदि की व्यवस्था खत्म कर दिया गया है। यात्री अब इस ग्रामीण स्टेशन को लेकर परेशान हैं। स्टेशन के चारो तरफ जंगली बबूल की बड़ी बड़ी झाड़ियां खड़ी है। इमारत इतनी जर्जर हो चुकी है किसी भी समय गिर सकती है। स्टेशन पर पहुचने के लिए अब तक कोई रोड न होकर पैदल रास्ता ही है। टिकट कॉउंटर भी अब बंद चल रहा। स्टेशन के प्लेटफार्म में लगा खंडजा उखड़ गया है। स्टेशन पर रात के समय घनघोर अंधेरा 50 साल पुराने समय की याद दिला रहा। क्षेत्रवासियों में दिनेश दीक्षित, शिशु द्विवेदी, संगठा प्रसाद दीक्षित, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, श्रीकांत तिवारी सहित अन्य लोगो ने इस स्टेशन की दुर्दशा सुधारने की मांग की है।

## परिवहन विभाग ने चलाया सेफ फ्यूचर अभियान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को भी निजी स्कूल वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया। यात्रीकर अधिकारी विनय पाण्डेय और संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न मार्गों पर स्कूल वैन और अन्य छात्र परिवहन वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान बिना परमिट, बिना फिटनेस और नियमों के विपरीत संचालित वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग के अनुसार, 9 जुलाई तक इस अभियान के तहत कुल 35 स्कूल वाहनों को निरुद्ध किया जा चुका है, जबकि विभिन्न अनियमितताओं के चलते 55 वाहनों का चालान किया गया है। गुरुवार सुबह से दोपहर तक भी कई स्थानों पर जांच जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान कई निजी स्कूल वैन बिना वैध परमिट, फिटनेस



प्रमाणपत्र और आवश्यक सुरक्षा मानकों के संचालित होती मिलीं। ऐसे वाहनों को तत्काल रोककर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार सख्ती जारी रहेगी। यात्रीकर अधिकारी विनय पाण्डेय और संजीव कुमार सिंह ने सभी स्कूल संचालकों और वाहन स्वामियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि वे अपने वाहनों को स्कूल वाहन संबंधी निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार कराएं। इसमें वैध परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर और अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अधिकारियों ने अभिभावकों से भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने का आग्रह किया है। यदि कोई वाहन बिना आवश्यक मानकों के बच्चों का परिवहन करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल परिवहन विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसे लगातार चलाया जाएगा। जिले में समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य स्कूली बच्चों को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराना और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल आईटीआई छात्र की दो माह बाद मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कटरा मजरा जारुल्ला नगर गांव निवासी नैतिक मिश्रा 21 पुत्र संतोष कुमार जोकि कानपुर में आईटीआई का छात्र था 1 मार्च को वह अपने साथी प्रदुम सिंह पुत्र रणजीत सिंह की बाइक पर बैठकर कानपुर अपनी बुआ के घर जा रहा था तभी कानपुर नगर के थाना नवाबगंज क्षेत्र में कार चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी थी जिसमें नैतिक मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे गभींर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से दो माह बाद छुट्टी दे दी गयी थी तकलीफ बढ़ने पर परिजन हैलट अस्पताल दिखाने ले जाते थे करीब पंद्रह दिन पहले हैलट से दिखाकर घर आए थे जहां गुरुवार की सुबह नैतिक मिश्रा की मौत हो गयी सूचना पर उपनिरीक्षक राम राज मय पुलिस बल



के साथ मौके पर पहुंचे और शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक तीन भाईयों में दूसरे स्थान पर था बड़ा भाई उत्तम मिश्रा व छोटा भाई प्रिंस मिश्रा हैं मृतक की मां अरुणा मिश्रा सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पिता की सूचना पर शव का पीएम कराया गया है जिसका कानपुर नगर के थाना नवाबगंज में मुकद्दमा दर्ज है पीएम रिपोर्ट आने पर नवाबगंज पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही करेगी।

## पैदल घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में पैदल घर लौट रहे एक मिस्त्री की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजनों ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुरवा कोतवाली क्षेत्र के काजी खेड़ा गांव निवासी छविनाथ (40) पुत्र स्वर्गीय धनी राम मिस्त्री का काम करते थे। बुधवार देर रात वह अपना काम समाप्त कर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान खिन्नी मोड़ के पास किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छविनाथ को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि छविनाथ मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर गहरा असर पड़ा है। मृतक अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी पूरी तरह उन्हीं के कंधों पर थी। परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी वाहन चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुरवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पीएचसी का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) प्रमेश श्रीवास्तव ने गुरुवार दोपहर असोहा विकासखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कालूखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई गंभीर कमियां सामने आईं। अस्पताल की अधीक्षक डॉ. अलीफा अल्वी निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिलीं।

निरीक्षण में पता चला कि अस्पताल में कुल चार अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें तीन स्थायी और एक अस्थायी कर्मचारी शामिल हैं। एसडीएम ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें 9 जुलाई को 24 मरीजों के नाम दर्ज थे। हालांकि, पंजिका में मरीजों के मोबाइल नंबर अंकित नहीं पाए गए। इस पर एसडीएम ने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मरीजों के नाम, पते के साथ मोबाइल नंबर भी अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाएं। ड्यूटी रोस्टर के संबंध में पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण सभी कर्मचारियों को प्रतिदिन ड्यूटी करनी पड़ती है। रविवार के अवकाश के स्थान पर शुक्रवार को ड्यूटी समायोजित की जाती है। एसडीएम ने इस व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। कई स्थानों पर फर्श टूटी हुई पाई गई, जिससे कीड़े निकलने और संक्रमण फैलने का खतरा बताया गया। अस्पताल में प्रकाश व्यवस्था भी बेहद खराब थी। कर्मचारियों ने बताया कि परिसर के पास विद्युत ट्रांसफार्मर न होने से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रहती है। अग्नि सुरक्षा के लिहाज से भी अस्पताल में बड़ी कमी सामने आई, जहां कोई भी अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं था। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेने पर कर्मचारियों ने विभागीय पोर्टल के माध्यम से बताया कि अस्पताल में 152 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं, जबकि 52 प्रकार की आवश्यक दवाएं स्टॉक में नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, अस्पताल में मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल की भी समुचित व्यवस्था नहीं थी। परिसर में कहीं भी आरओ सिस्टम स्थापित नहीं पाया गया। जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के बाद एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

## किसान यूनियन टिकैत गुट ने मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विकास खण्ड में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी पंकज गौतम को सौंपते हुए माँग करते हुए कहा बैसवारा क्षेत्र वासियों, क्रांतिकारियों, कारगिल शहीदों और उनकी बेवाओं, सत्संगानंद तथा शोभन सरकार जैसे महात्माओं, सिद्ध पीठ मां चंन्दिका जैसे तमाम आकर्षणों को जीवित रखने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के 460 + 245 पर शहीदों के नाम इंटरचेंज की मांग के लिए 56 दिन तक चले शांतिपूर्ण धरने के आश्वासन के बाद धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ जिससे लोग अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं अगर समय रहते इंटरचेंज




स्वीकृत की सार्वजनिक घोषणा नहीं की जाती है तो बैसवारा के लोग चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इंटरचेंज नहीं तो वोट नहीं का स्लोगन संयुक्त किसान संगठन मोर्चा ने दिया है। साथ ही संजय रावत को बीघापुर का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष बीघापुर राजेश सिंह, मुन्ना सिंह देवारा, संजय रावत, फत्ते लाला, मंगली अजय, कौशल, आदि लोग मौजूद रहे।

## एडमिशन के बहाने कार्यालय बुलाकर यौन उत्पीड़न का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के एक गाँव से युवती ने एक निजी शिक्षण संस्थान के संचालक पर एडमिशन के बहाने कार्यालय बुलाकर यौन उत्पीड़न, अश्लील हरकत, धमकी एवं मानसिक उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना बिहार में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को आरोपी ने एडमिशन संबंधी आवश्यक बातचीत का बहाना बनाकर उसे अपने कार्यालय बुलाया। आरोप है कि वहां उसने प्रति छात्र ?20,000 देने का लालच दिया और फिर शादी का प्रस्ताव रखते हुए अशोभनीय हरकतें शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से युवती के साथ जबरन अश्लील हरकत की तथा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने घटना का जिक्र किसी से करने पर एडमिशन रुकवाने और समाज में बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद उसने कथित रूप से व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक संदेश भेजे तथा लखनऊ चलने, शॉपिंग कराने और अकेले मिलने का दबाव बनाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की इन हरकतों से वह मानसिक रूप से परेशान, भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रही है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच करा निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी।

## पानी भरने विवाद को लेकर महिला पर हमला दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर भाले से हमला किया गया। पीड़िता रोशनी पुत्री राजू के सिर पर भाले से वार किया गया, जिससे वह बेहोश हो गई। पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रोशनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके परिजन खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। वह खेत से कुछ दूरी पर स्थित ट्यूबवेल पर पानी लेने गई थी। इसी दौरान ट्यूबवेल मालिक पप्पू सिंह पुत्र श्यामू सिंह ने पानी भरने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रोशनी ने इसका विरोध किया, तो पप्पू सिंह और उसके दो बेटे धीरू व भयानू ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पप्पू सिंह ने ट्यूबवेल की कोठरी से भाला निकालकर रोशनी के सिर पर मार दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गई। शोर सुनकर पीड़िता के पिता मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने पीड़िता और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।

## मुद्दा
महेन्द्र तिवारी



# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल: सरकार बनाम सोशल मीडिया के दावे

भारत तेजी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण, जिसे ई-20 कहा जाता है। सरकार का दावा है कि इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से ई-20 को लेकर अनेक दावे और आशंकाएं सामने आई हैं। कहीं कहा गया कि इससे वाहन के इंजन जल्दी खराब हो जाएंगे, कहीं माइलेज में भारी गिरावट का दावा किया गया, तो कहीं यह तक कहा गया कि ऐसे ईंधन का उपयोग करने पर वाहन का बीमा अमान्य हो सकता है। इन दावों के बाद आम वाहन मालिकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इन दावों पर विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि ई-20 कार्यक्रम किसी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है बल्कि यह वैज्ञानिक अनुसंधान, भारतीय परीक्षणों और दुनिया के अनेक देशों के अनुभवों पर आधारित है। मंत्रालय का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अधिकांश दावे भ्रामक हैं और लोगों को तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनानी चाहिए। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम कोई नई पहल नहीं है। इसकी शुरुआत कई वर्ष पहले कम प्रतिशत मिश्रण के साथ हुई थी। समय के साथ एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ी और सरकार ने मिश्रण का लक्ष्य भी बढ़ाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने निर्धारित समय से पहले 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया। सरकार का मानना है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर होने वाला भारी खर्च कम होगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही गन्ना, मक्का तथा अन्य फसलों से एथेनॉल उत्पादन होने के कारण किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध होगा। सबसे बड़ा विवाद इंजन की सुरक्षा को लेकर सामने आया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट में दावा किया गया कि ई-20 पेट्रोल से इंजन के धातु और रबर के पुर्जे तेजी से खराब हो जाते हैं। सरकार ने इन दावों को गलत बताते हुए कहा कि भारतीय अनुसंधान संस्थानों और वाहन निर्माताओं द्वारा किए गए परीक्षणों में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला कि ई-20 से आधुनिक वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंचता है। मंत्रालय के अनुसार जिन वाहनों को ई-20 के अनुरूप बनाया गया है, उनमें इसका सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है। हालांकि बहुत पुराने वाहनों में कुछ रबर या प्लास्टिक के पुर्जों का घिसाव अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है, लेकिन इसे व्यापक इंजन खराबी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। माइलेज का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल की तुलना में कुछ कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में ईंधन दक्षता में हल्की कमी आ सकती है। स्वयं पेट्रोलियम मंत्री ने भी स्वीकार किया है कि माइलेज में मामूली गिरावट संभव है, लेकिन सरकार का कहना है कि यह इतनी अधिक नहीं होती कि वाहन संचालन पर बड़ा प्रभाव पड़े। दूसरी ओर कुछ उपभोक्ताओं का अनुभव इससे अलग भी रहा है और उन्होंने अधिक कमी महसूस होने की शिकायत की है। यही कारण है कि इस विषय पर सार्वजनिक बहस अभी भी जारी है। बीमा को लेकर फैली अफवाहों ने भी लोगों को परेशान किया। कई संदेशों में दावा किया गया कि यदि वाहन में ई-20 पेट्रोल का उपयोग किया गया तो दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। सरकार के अनुसार यदि वाहन निर्माता ने ई-20 उपयोग की अनुमति दी है या वाहन इस ईंधन के अनुरूप है, तो केवल ई-20 का उपयोग करने के कारण बीमा या वारंटी समाप्त नहीं होती। वाहन निर्माता कंपनियों ने भी इस संबंध में उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। एक और वायरल दावा था कि एथेनॉल उत्पादन में अत्यधिक पानी खर्च होता है और इससे जल संकट बढ़ जाएगा। कुछ संदेशों में एक लीटर एथेनॉल बनाने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च होने की बात कही गई। सरकार ने इसे भी गलत बताया है। कुल मिलाकर ई-20 पेट्रोल को लेकर दो समानांतर तस्वीरें सामने आती हैं।

# जन्म दिवस पर विशेष

## राजनाथ सिंह : मर्यादित राजनीति के शिखर पुरुष और राष्ट्र सुरक्षा के विश्वसनीय प्रहरी

लेखक - डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ



लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, वह उन व्यक्तित्वों से भी अपनी गरिमा प्राप्त करता है जो सत्ता को साध्य नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का साधन मानते हैं। भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में ऐसे व्यक्तित्व विरले हैं, जिनकी पहचान पद से अधिक उनके चरित्र, मर्यादा, राष्ट्रनिष्ठा और सर्वस्वीकार्य नेतृत्व से होती है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनका सार्वजनिक जीवन भारतीय लोकतंत्र की श्रेष्ठ परंपराओं का सजीव उदाहरण है।

उनका जन्मदिवस केवल एक वरिष्ठ राजनेता के जीवन का उत्सव नहीं, बल्कि उस राजनीतिक संस्कृति का स्मरण भी है जिसमें विचारों की दृढ़ता के साथ व्यवहार की विनम्रता, वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ लोकतांत्रिक संवाद और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण समान रूप से प्रतिष्ठित हैं। आज जब सार्वजनिक जीवन में भाषा की मयार्दा और वैचारिक शालीनता पर लगातार प्रश्न उठते हैं, तब राजनाथ सिंह का व्यक्तित्व इस बात का सशक्त प्रमाण बनकर सामने आता है कि राजनीति में दृढ़ता और सौम्यता साथ-साथ चल सकती हैं।

एक साधारण किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति के सर्वोच्च नेतृत्व तक पहुँचना केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की उस जीवंत परंपरा का प्रमाण है जिसमें परिश्रम, संगठन, निष्ठा और जनविश्वास व्यक्ति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं। छात्र जीवन से राष्ट्रसेवा का व्रत लेकर सार्वजनिक जीवन में आए राजनाथ सिंह ने सत्ता के प्रत्येक दायित्व को कर्तव्य मानकर निभाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रशासनिक दृढ़ता, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक क्षमता, गृह मंत्री के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अडिग संकल्प और रक्षा मंत्री के रूप में भारत की सामरिक शक्ति को नई दिशा देने का उनका योगदान भारतीय राजनीति के इतिहास में विशिष्ट स्थान रखता है।

रक्षा मंत्री के रूप में उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा, सीमाओं पर सैन्य आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण, आधुनिक हथियार प्रणालियों का समावेश और तीनों सेनाओं के मनोबल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के प्रयासों ने भारत की सामरिक क्षमता को नई पहचान दी है। आज भारत केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि वैश्विक रक्षा उत्पादन और सामरिक सहयोग के क्षेत्र में भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

राजनाथ सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सर्वस्वीकार्यता है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु राजनीतिक विरोधियों के बीच भी सम्मान अर्जित कर लेना असाधारण उपलब्धि है। उनकी शालीन भाषा, संतुलित वक्तव्य, संवाद की संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था ने उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय नेतृत्व की श्रेणी में स्थापित किया है। यह सम्मान किसी पद का नहीं, बल्कि व्यक्तित्व की गरिमा का सम्मान है।

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने संगठन को केवल चुनावी मशीनरी नहीं बनने दिया, बल्कि उसे वैचारिक प्रतिबद्धता, कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति और राष्ट्रसेवा के संकल्प से जोड़े रखा। उनके नेतृत्व में संगठन और सरकार के बीच संतुलन तथा संवाद की स्वस्थ परंपरा और अधिक सुदृढ़ हुई।

आज भारत जिस आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है, उसके पीछे मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, निर्णायक नीतियाँ और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण है। राजनाथ सिंह ने सदैव इस सिद्धांत का समर्थन किया कि शांति की रक्षा वही राष्ट्र प्रभावी ढंग से कर सकता है जिसकी सुरक्षा व्यवस्था सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर हो। यही दृष्टि भारत की वर्तमान रक्षा नीति में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

उनका सार्वजनिक जीवन यह भी सिखाता है कि राजनीति का वास्तविक वैभव सत्ता की चमक में नहीं, बल्कि चरित्र की उज्ज्वलता में निहित होता है। विनम्रता, सादगी, अनुशासन, शुचिता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण—ये वे मूल्य हैं जिन्होंने उन्हें करोड़ों भारतीयों के विश्वास का पात्र बनाया है। वे उन नेताओं में हैं जिनकी उपस्थिति लोकतांत्रिक विमर्श को संयम, संतुलन और सकारात्मक दिशा प्रदान करती है।

राष्ट्र आज उनके जन्मदिवस पर केवल शुभकामनाएँ ही नहीं देता, बल्कि उनके दीर्घ सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा भी ग्रहण करता है। यह अवसर उस राजनीति का सम्मान करने का भी है जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि है, लोकतंत्र सर्वोच्च है और जनसेवा जीवन का अंतिम लक्ष्य।

भारत की सांस्कृतिक चेतना में ऐसे व्यक्तित्व सदैव आदर के पात्र रहे हैं, जो अपने आचरण से पद की गरिमा बढ़ाते हैं। राजनाथ सिंह ने अपने जीवन और कार्य से यह सिद्ध किया है कि मयार्दा ही नेतृत्व की सबसे बड़ी शक्ति है, और राष्ट्रनिष्ठा ही किसी जननेता की सबसे बड़ी पहचान। उनका जीवन भारतीय राजनीति के लिए एक मानक है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश भी कि सत्ता बदलती रहती है, किंतु चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा ही इतिहास में स्थायी स्थान दिलाते हैं।

**जन्म दिन की अशेष शुभकामनाएं**



(लेखक हिंदी दैनिक अमन लेखनी के प्रधान संपादक हैं)

# भारत का आर्थिक यथार्थ

किसी ने कहा कि भारत में जल्द ही आर्थिक सुनामी आने वाली है। कोई हमारी अर्थव्यवस्था के स्व-निर्मित आंकड़े गिनाता है और मृत अर्थव्यवस्था करार देने की कोशिश करता है। किसी अर्थशास्त्री का शोधात्मक अध्ययन है कि देश में 12 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं, जो न तो पढ़ रहे हैं और न ही उनके पास कोई काम है। मुद्रास्फीति और राजकोषीय घाटे को लेकर अलग-अलग आंकड़े और दावे हैं। बेशक आकलन भिन्न हैं, लेकिन सारांश यही है कि भारत आज विश्व की सबसे तेज और उभरती अर्थव्यवस्था है। भारत आज विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद , विश्व व्यापार की बदलती और बिगड़ती व्यवस्था और अब भी जारी ईरान युद्ध के बावजूद वित्त वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी रही है। मुद्रास्फीति करीब 2 फीसदी है, जो पांच दशकों में सबसे कम है। चौतरफा संकटों के बावजूद चालू खाता घाटा जीडीपी का मात्र 0.6 फीसदी रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार जून में करीब 688 अरब डॉलर रहा, जो सशक्त अर्थव्यवस्था और निवेश का सूचक है। यह भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक था, लेकिन ईरान युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हुई, कच्चे तेल के दाम बढ़े, लिहाजा हमारा आयात-बिल भी बढ़ गया, नतीजतन डॉलर के भंडार में कुछ कमी आई। विपरीत स्थितियों के बावजूद भारत का निर्यात ( वस्तुएं और सेवाएं मिला कर ) करीब 4 फीसदी बढ़ा है। यह अप्रैल-मई में करीब 15 फीसदी था। विदेशों में बसे और काम कर रहे प्रवासी भारतीय जो धन अपने माता-पिता, घरों को भेजते हैं, वह राशि करीब 140 अरब डॉलर है, जो सर्वकालिक अधिकतम है। यह भारतीय जीडीपी के 3.5-4 फीसदी के बराबर है।

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्‌-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' - *सचिन गुलिया, रोहतक*

## X ट्रेंड f

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी**, पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते है। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां है। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार**, सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव**, सीएम एमपी

## करंट अफेयर

### चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है

## ऑफ बीट

### चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है



अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार- जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है- आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है।

## संक्षेप

### बेटी 27 दिन से लापता, परिवार परेशान

**पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने और कार्रवाई न करने का आरोप**

अमेठी, संग्रामपुर थाना क्षेत्र में 10 जून को लापता हुई एक युवती की तलाश में परिजन पिछले 27 दिनों से पुलिस थाने के चक्कर काट रहे हैं। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने अब तक न तो मुकदमा दर्ज किया है और न ही युवती की बरामदगी के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई की है। युवती की मां और भाई ने बताया कि 10 जून को उनकी बहन घर से लापता हो गई थी। 11 जून को थाने में शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी तक दर्ज नहीं की। भाई का आरोप है कि शुरूआती एक सप्ताह तक पुलिस उन्हें रोज सुबह थाने बुलाकर शाम तक बैठाए रखती थी और हर बार 24 घंटे में युवती को बरामद करने का आश्वासन देती थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। भाई ने आगे बताया कि पिछले 27 दिनों में वह हर दूसरे-तीसरे दिन थाने पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी बहन की जल्द बरामदगी कर परिवार को सौंपने की गुहार लगाई है। इस मामले में प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने जानकारी दी कि युवती जिस युवक के साथ गई है, उन दोनों की लोकेशन मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि युवती को बरामद करने के लिए जल्द ही एक टीम भेजी जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला कल्याण विभाग का अभियान

**छात्राओं को साइबर अपराध और बाल संरक्षण के प्रति किया जागरूक**

अमेठी , जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने असैदापुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को साइबर सुरक्षा और बाल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता, विद्यालय का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या, ओटीपी और पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। श्रीवास्तव ने छात्राओं को ऑनलाइन गेम या सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त संदिग्ध लिंक को खोलने से बचने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया या गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मिले अजनबियों के साथ वीडियो कॉल, फोटो या निजी जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन धमकी देता है, अभद्र भाषा का प्रयोग करता है या परेशान करता है, तो इसकी सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर रोशन लाल ने बच्चों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि यदि कोई बच्चा किसी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न, शोषण या संकट की स्थिति में है, तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तत्काल सूचना दर्ज कराई जा सकती है। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क और 24 घंटे उपलब्ध है।

## बच्चों में दो सप्ताह से अधिक बुखार-खांसी हो तो कराएं टी.बी. जांच

### सीएमओ सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

**मेडिकल अफसरों को दिया गया बाल टीबी प्रबंधन का प्रशिक्षण**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। बच्चों में लगातार बुखार, खांसी या वजन कम होने जैसे लक्षणों को सामान्य कमजोरी मानकर नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऐसे मामलों में बिना देरी किए समय पर टीबी की जांच कराना बेहद जरूरी है। यह बात गुरुवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने कही। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स (डब्ल्यूएचपी) के पीडियाट्रिक प्रोग्राम के तहत जिले के मेडिकल अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा, मास्टर ट्रेनर डॉ. परितोष तिवारी तथा डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ. दीपक चतुर्वेदी ने चिकित्सकों को बाल टीबी के निदान, स्क्रीनिंग और उपचार प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि बच्चों में टीबी की पुष्टि के लिए उम्र के अनुसार सही सैंपल कलेक्शन और आधुनिक जांच तकनीकों का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि शुरूआती अवस्था में ही बीमारी की पहचान कर इलाज शुरू किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा कि बच्चों में टीबी के लक्षण अक्सर वयस्कों की तरह स्पष्ट नहीं होते। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी बच्चे को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार बुखार रहे, दवा के बाद भी खांसी ठीक न हो, या पिछले तीन महीनों में वजन लगातार घट रहा हो, तो तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। इसके अलावा, यदि परिवार में कोई सदस्य फेफड़ों की टीबी से पीड़ित है और बच्चा उसके संपर्क में रहा है, तो भी उसकी जांच अनिवार्य रूप से कराई जानी चाहिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि बच्चों में होने वाली टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी की जांच, दवाएं और पूरा उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। अभिभावकों को बिना किसी संकोच के समय पर जांच व इलाज के लिए आना चाहिए। इस मौके पर वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के प्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का भव्य स्वागत, सरकार पर साधा तीखा निशाना

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कैसरगंज आगमन पर कार्यकताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। दो दिवसीय दौरे के दौरान आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश की मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कई राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर जनता की उम्मीदों पर खरी उतरने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी चरम पर है और आम आदमी रोजमर्रा की परेशानियों से जूझ रहा है। उनके अनुसार प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और सरकार के प्रति लोगों में निराशा का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में परिवर्तन का मन बना चुकी है। उनका कहना था कि जनता अब ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के हितों को प्राथमिकता दे सके। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जनसमस्याओं को लेकर जनता के बीच सक्रिय रहें और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। पूरे कार्यक्रम में राजनीतिक चचाओं का माहौल बना रहा। इस अवसर पर नेम कुमार चौहान (पूर्व जिलाध्यक्ष, बहराइच), शिराज अहमद, हाजी ब्रिकफील्ड वरा काजी, रिजवान सिद्दीकी, इरफान सिद्दीकी, प्रिंजेश सिंह राठौर, अशोक सिंह, डॉ. मिर्जा अली, यूसुफ भाई, एलर्जी सिद्दीकी, सोनू साजन, नजीब अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक मौजूद रहे।

## सड़क न बनने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क पर किया प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा कला अंतर्गत भुर्जिनपुरवा गांव में सड़क न बनने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को सड़क पर प्रदर्शन किया। दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने मांग की कि गांव की मुख्य सड़क का जल्द निर्माण कराया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव को जाने वाली मुख्य सड़क कई सालों से जर्जर है। कई बार शिकायत के बावजूद आज तक निर्माण नहीं हुआ। बरसात में रास्ता जलमग्न हो जाता है।

ग्रामीण सुमती ने बताया कि गांव में कोई बीमार हो जाए तो उसे चारपाई पर लादकर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। तब कहीं जाकर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। ऐसे में आपात स्थिति में मरीज की जान को खतरा बना रहता है।

ग्रामीण दिलीप ने बताया की बच्चों को स्कूल जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वह स्कूल नहीं पहुंच पाए कभी-कभी तो वह इस कीचड़ में ही गिर जाते हैं।

खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि समस्या का निरीक्षण कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और जल्द निस्तारण किया जाएगा।

## झमाझम बारिश के साथ मानसून की दमदार एंट्री

### खेतों में लौटी रौनक, किसानों के चेहरे खिले

अमन लेखनी समाचार

सिराज अली कादरी



कैसरगंज, बहराइच। करीब एक महीने के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने कैसरगंज क्षेत्र में जोरदार दस्तक दे दी। सुबह से शुरू हुई झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत पहुंचाई, वहीं किसानों के लिए यह बारिश किसी रहमत और अमृत वर्षा से कम नहीं साबित हुई। पानी की कमी से धान सहित खरीफ की फसलें प्रभावित होने लगी थीं और किसान आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे थे। जैसे ही बादल बरसे, खेतों में हरियाली की नई उम्मीद जाग उठी। किसानों के चेहरे खिल उठे और गांवों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बारिश के बाद खेतों में पानी भरने लगा है, जिससे धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह बारिश फसलों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। यदि आने वाले दिनों में भी मानसून इसी तरह मेहरबान रहा तो इस वर्ष अच्छी पैदावार होने की पूरी संभावना है। वहीं दूसरी ओर, लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने भी राहत की सांस ली। मौसम सुहावना होने से बाजारों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर रौनक लौट आई। बच्चों ने बारिश का आनंद लिया तो बुजुर्गों ने भी मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया। कैसरगंज क्षेत्र में मानसून की इस शानदार शुरूआत ने किसानों की उम्मीदों को नई उड़ान दी है। लोगों का मानना है कि यह बरसात केवल खेतों को ही नहीं, बल्कि पूरे इलाके की खुशहाली का पैगाम लेकर आई है। अब किसानों की निगाहें आने वाले दिनों की बारिश पर टिकी हैं, ताकि मेहनत का पूरा फल उन्हें मिल सके।

## बाइक सवार की आवारा मवेशी से टक्कर पिता की मौत पुत्र घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पिता को लेकर मांगलिक कार्यक्रम शामिल होने जाते समय अचानक रास्ते पर पहुंचे बेसहारा गोवंश से टकराकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र को मामूली चोट आई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। थानाक्षेत्र आसीवन के गांव बहादुर खेड़ा निवासी 50 वर्षीय रामविलास पुत्र रामदीन बेटे गुड्डू के साथ बाइक पर बैठकर करीबी के यहां होने वाली एक बरात कार्यक्रम में शामिल होने बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव अरगूपुर आ रहे थे। तभी बुधवार देर रात लगभग 9:30 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अरगूपुर के निकट पहुंचते ही रास्ते पर पहुंचे एक आवारा सांड से बाईक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में पिता रामविलास उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया।जिसे इलाज हेतु अस्पताल लाये जाने पर बांगरमऊ के डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक चला रहे बेटे गुड्डू को मामूली चोटें आई है। मृतक रामविलास अपने पीछे बेटा गुड्डू बेटी अंजू और पत्नी पुष्पा देवी को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मिलीभगत: रूपईडीहा में नाले की सफाई के दौरान पटी पड़ी मिली नशीली सिरप की खाली शीशियां

### स्थानीय लोगों का आरोप, संबंधित विभाग निष्क्रिय या उनकी मिलीभगत

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के दोनों ओर बने नालों की संयुक्त सफाई कराई गई। लंबे समय से सफाई न होने के कारण हल्की बारिश में भी सड़क पर करीब एक फुट तक पानी भर जाता था। जलभराव की समस्या को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। सफाई के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। नगर पंचायत के एक सुपरवाइजर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नालों में नशीली सिरप की खाली शीशियां बड़ी संख्या में भरी पड़ी थीं। सफाई के बाद कई ट्रालियों में भरकर इन शीशियों को बाहर फेंका गया। इससे क्षेत्र में नशीली दवाओं की बिक्री और तस्करी के व्यापक नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग इस मामले की प्रभावी निगरानी नहीं कर पा रहा है। कुछ लोगों ने सीमा क्षेत्र में इस अवैध कारोबार के पीछे मिलीभगत की आशंका भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह रूपईडीहा पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारकर बड़ी संख्या में नशीली सिरप बरामद की थी। क्षेत्रवासियों ने नालों की सफाई के दौरान मिली इन खाली शीशियों की जांच कराकर नशीली दवाओं की बिक्री और तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बलहा विधानसभा में पीडिए का जनसंवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र के मिहींपुरवा में पीडिए जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए सभी ने 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लेते हुए कार्यकताओं से मेहनत करने की अपील की। बलहा विधानसभा क्षेत्र के मोदी अतिथि भवन, मिहींपुरवा में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम आसरे कुशवाहा ने कहा कि पीडीए समाज के हर वर्ग को न्याय सम्मान और बराबरी का अधिकार दिलाने का सबसे मजबूत अभियान है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने की। इस अवसर पर बलहा विधानसभा क्षेत्र से सपा की संभावित उम्मीदवार नेत्री ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा की ₹समाजवादी पार्टी महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों की आवाज है। पीडीए की एकजुटता ही सामाजिक न्याय और विकास का नया अध्याय लिखेगी। हमें हर वर्ग को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाना है।पूर्व विधायक शब्बीर वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा, ₹समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और वंचित समाज की लड़ाई लड़ती रही है। आने वाला समय पीडीए का है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष विश्राम यादव, विधानसभा सचिव डॉ. ऐनुद्दीन सहित समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर कांग्रेस का विरोध

### अमेठी में निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,अयोध्या राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्र चंदे में कथित गड़बड़ी के मामले को लेकर कांग्रेस ने अमेठी में विरोध प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय गौरीगंज में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यह पदयात्रा दोपहर करीब 12:30 बजे कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुई और पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए वापस कांग्रेस कार्यालय पर ही समाप्त हुई। पदयात्रा में शामिल कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता हाथों में बैनर-पोस्टर लिए भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि भगवान राम के नाम पर हुए चंदे में कथित गड़बड़ी से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। गौरीगंज कस्बे में जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह यात्रा जनता को जागरूक करने और भाजपा को 'सद्बुद्धि' देने के उद्देश्य से निकाली गई है।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव भवानी खेड़ा निवासी शिवम ने बताया कि वह मां सुमन देवी को बाइक से कस्बा फतेहपुर चौरासी की बाजार यज्ञसे खरीददारी कर घर जा रहा था बूचागाड़ा जमुनिहा मार्ग पर गांव जमुरुद्दीनपुर के पास आगे जा रहे मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गिर गए जिसमें ट्राली का पहिया मां सुमन देवी के ऊपर से चढ़ गया घायल अवस्था में जिसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मृतका के दो बेटे हैसुमन की मौत से पुत्र शिवम और बेटासिंह सहित परिजन रो रोकर बेहाल है प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले लिए गया गई चालक मौके से भाग गया है। सीएचसी के मेमो पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

### हमले में प्रयुक्त लाठी भी बरामद, आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , फतनपुर थाना क्षेत्र में मारपीट और हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी शराब के नशे में घटना को अंजाम देने के बाद फरार होने की फिराक में थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस की लाठी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 5 जुलाई की रात को हुई थी। आरोपियों ने नियाज अहमद को उसके घर के सामने लाठी-डंडों और कट्टे की बट से हमला कर घायल कर दिया था। बीच-बचाव करने आए राकेश शर्मा और राजकुमार शर्मा भी मारपीट में घायल हो गए थे। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर फतनपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सुवंसा नहर पुलिया के पास से सोनू उपाध्याय, दीपक तिवारी और पवन पाण्डेय को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने शराब के नशे में इस वारदात को अंजाम दिया था। उनकी निशानदेही पर रामापुर ओवरब्रिज के पास झाड़ियों से हमले में इस्तेमाल की गई बांस की लाठी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। सोनू उपाध्याय के खिलाफ 13, पवन पाण्डेय के खिलाफ 9 और दीपक तिवारी के खिलाफ 3 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इन मुकदमों में मारपीट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं।

## संक्षेप

### नाले पर अतिक्रमण से वार्ड-25 में जलभराव

**बागपत में लोगों ने डीएम से लगाई कार्रवाई की गुहार**

बागपत , नगर पालिका के वार्ड नंबर 25 में नाले पर कथित अतिक्रमण और खराब सफाई व्यवस्था के कारण निवासियों को गंभीर जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को दर्जनों वार्डवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। निवासियों ने जिलाधिकारी को बताया कि नई चौपाल के पास कुछ व्यक्तियों ने नाले पर कथित तौर पर कब्जा कर लिया है। इस अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। नाले का गंदा और बदबूदार पानी गलियों में जमा हो रहा है, जिससे कई घरों में भी पानी घुसने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार जलभराव से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बदबू और गंदगी से वातावरण दूषित हो गया है। रुके हुए पानी में मच्छरों के पनपने से डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि जलभराव वाला मार्ग क्षेत्र का मुख्य रास्ता है और आवागमन का एकमात्र साधन है। कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने प्रशासन से नाले पर हुए कथित अतिक्रमण को तुरंत हटाने, नाले की सफाई कराने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समस्या और गंभीर हो सकती है। अब क्षेत्र के निवासी प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### उधार के रुपए लेने गए किसान की संदिग्ध मौत

**परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, एसपी से जांच की मांग**

बागपत ,एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह घटना बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र की है। ग्राम बली निवासी 58 वर्षीय किसान धर्मपाल की संदिग्ध हालत में मौत हुई। मंगलवार को धर्मपाल के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मपाल की मौत दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है। परिजनों ने बताया कि धर्मपाल ने लगभग दो साल पहले कुछ लोगों को पैसे उधार दिए थे। 2 जुलाई को वह संतोषपुर गांव में अपने बकाया रुपये लेने गए थे। रात में उन्होंने फोन पर परिवार को बताया था कि वह पैसे लेकर घर लौट रहे हैं। इसके बाद उनका परिवार से संपर्क टूट गया और वह घर नहीं पहुंचे। कुछ समय बाद परिजनों को सूचना मिली कि धर्मपाल घायल अवस्था में पड़े हैं। जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि धर्मपाल के शरीर पर कई चोटों के निशान थे, जिससे उन्हें हत्या का संदेह हुआ। उनका तर्क है कि यदि यह सड़क हादसा होता, तो परिस्थितियां भिन्न होतीं। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उधार के रुपये वापस न देने की नीयत से धर्मपाल की हत्या की गई और बाद में इसे दुर्घटना दिखाने की कोशिश की गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है ।

## शिकायत के आधार पर पहुंचे ईओ ने सात अवैध कब्जा धारकों को दिया नोटिस

**पूर्व सभासद समेत कई लोगों ने अवैध कब्जा कर फैलाया अतिक्रमण**

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में हो रहे निरंतर अतिक्रमण तथा अवैध कब्जे को लेकर नगर पंचायत सक्रिय हुआ कस्बे के बांध ऊपर मोहल्ला निवासी आकिब पुत्र अकील ने कुछ अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ शिकायती पत्र नगर पंचायत में प्रस्तुत किया जिसे संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अधिकारी पंकज सिंह समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा जांच प्रारंभ की इस जांच में अधिशासी अधिकारी के साथ राजस्व लेखपाल सुमित कुमार कस्बा प्रभारी बिंन्धेश कुमार गिरी समेत नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौजूद रहे अधिशासी अधिकारी ने जांच करते हुए पाया कि बांध ऊपर वार्ड नंबर 11 अंतर्गत निवास कर रहे रिजवान मंसूरी पुत्र सुल्तान अहमद पूर्व सभासद मुन्नालाल पुत्र फैज मोहम्मद कफील पुत्र रईस ने अतिक्रमण फैलाते हुए अवैध कब्जा कर रखा है जहां उपर्युक्त सभी अतिक्रमणकारियों समेत 7 लोगों को अधिशासी अधिकारी ने नोटिस जारी किया वहीं अधिशासी अधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर यदि अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पंचायत द्वारा वैधानिक कार्रवाई आक्रमणकारियों के ऊपर की जाएगी

## मामूली विवाद कर पत्नी गई मायके युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव परसेटा मजरे खनसेनपुर में एक 40 वर्षीय युवक अभिमन्यु पुत्र जागेश्वर पासवान ने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार युवक की पत्नी ममता से मामूली किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ इसके उपरांत पर पत्नी ममता ससुराल से अपने मायके चली गई इन्हीं कारणों से क्षुब्ध होकर युवक अभिमन्यु ने विगत रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार देर समय गांव से कुछ दूर एक नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली प्रातः काल ग्रामीण जब जंगल की तरफ गए तो नीम के पेड़ पर मृतक का शव लटकता हुआ मिला जहां ग्रामीणों ने शोर मचाया और आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे परिजनों को सूचना दी गई जहां सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया यह सूचना जैसे ही स्थानीय पुलिस प्रशासन को मिली तो थाना प्रभारी विनोद पटेल मौके पर पहुंचे तथा शव को पेड़ से नीचे उतारकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## कई घरों में हुई वारदात चोरों ने जेवर समेत नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव साहबपुर में विगत बुधवार रात्रि समय अज्ञात चोरों ने गांव के कई घरों में घटना को अंजाम दिया मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने थाना क्षेत्र के शाहबपुर मजरे अमनी निवासी शिवभजन पुत्र शिवमंगल के मकान की दीवार पीछे से काटकर सेंध लगाई तथा अंदर घुसकर कमरे में रखें सोने चांदी के आभूषण समेत 15 000 रुपए नगदी साफ कर दिए ठीक इसी प्रकार गांव के विजयपाल पुत्र मोहन के मकान में भी अज्ञात चोरों ने धावा बोला जहां चांदी सोने के आभूषण समय 9000 रुपए को चूना लगाया प्रातः काल जगने के पश्चात परिजनों ने देखा कि घर में समान चारों तरफ फैला हुआ पड़ा है जिससे हाहाकार मच गया शोर मचाने पर आसपास के मोहल्ले के तथा ग्रामीण जन मौके पर पहुंचे वहीं पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी योगेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच प्रारंभ की लगातार हो रही क्षेत्र में चोरियों से क्षेत्रवासी पूर्ण रूप से दहशत में दिखाई दे रहे हैं इस मामले में थाना प्रभारी से जानकारी ली गई जहां उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है वहीं जांच के पश्चात आरोपियों की खोजबीन की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जा सकता है

## चोरों ने ताला तोड़ हाते से बकरी बकरा किए गायब

**पीड़ित ने लिखित तहरीर देते हुए थाने में लगाई अरदास**



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव होली सराय निवासी ग्रामीण धर्मेंद्र पुत्र राम प्रकाश ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत रात्रि बुधवार प्रातः गुरुवार को देर शाम अपने हाते के अंदर सभी जानवर बकरी बकरा इत्यादि बांधकर मुख्य दरवाजे पर ताला लगाया और दूसरे मकान में खाना खाकर सो गया कल गुरुवार सुबह नींद खुलने के पश्चात जब वह हाता पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला वहीं अंदर जाकर देखा तो जानवरों में एक बकरी तथा एक बकरा गायब था पीड़ित ने अज्ञात चोरों द्वारा किए गए इस अपराध के खुलासे की मांग की वही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की

## कंपोजिट शराब ठेके में हुई लूट चौकीदार को बनाया बंधक

**अज्ञात चोरों ने 5 लाख की शराब समेत नगदी किया पार**

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव अरईपुर घेरवा के समीप स्थापित कंपोजिट देसी शराब तथा बियर की दुकान पर अज्ञात चोरों ने देर रात्रि धावा मारा रात्रि समय चौकीदारी कर रहे गांव हूसेपुर निवासी विजयपाल सिंह चौकीदारी पर मौजूद थे जहां चोरों ने पहुंचकर घटना को अंजाम देना प्रारंभ किया सटर के ताला तोड़ने की आवाज सुनकर चौकीदार विजयपाल सिंह की नींद खुली और उसने शोर मचाया तब तक चोरों ने चौकीदार को रस्सी से बांधकर चारपाई में डाल दिया काफी प्रयास करने के बाद दुकान का ताला नहीं टूटा जिससे बौखलाए चोरों ने दीवार पर नकब लगा दी और अंदर रखी 70 पेटी देशी शराब 30 पेटी बियर समेत 25 000 रुपए नगद लेकर फरार हो गए सुबह होने पर रास्ते से निकले लोगों ने देखा कि चौकीदार रस्सी से बंधा हुआ पड़ा है तथा चौकीदार ने शोर मचाया तभी ग्रामीणों ने जाकर उसे खोला तथा घटना की जानकारी कंपोजिट ठेका संचालक को दी सूचना मिलने पर खजुहा गांव निवासी संचालक सूर्यपाल यादव मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई वहीं घटना की जानकारी लेने पर बिंदकी कोतवाली प्रभारी दिनेशचंद्र मिश्र ने बताया कि शराब की दुकान में अज्ञात चोरों ने वारदात की है जिसका मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश जारी है

## जेल में बंदियों के विवाद की गोपनीय जांच शुरू

**एसएसपी की तरफ से किया गया टीम का गठन, रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में बंदियों के दो गुटों में टकराव के बाद एसएसपी अविनाश पांडेय ने गोपनीय जांच बैठा दी है। उन्होंने एक टीम का गठन कर दिया है जो पूरे मामले की तह तक जाकर हकीकत को उजागर करेगी ताकि आरोपियों पर कार्रवाई की जा सके। फिलहाल रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। विगत जिला कारागार में बंदियों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे। बंदियों के बीच जमकर कट्टन चलीं, जिसके चलते बंदी मौजा को गंभीर चोट आई और उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ गया। बताया जाता है कि अधिक खून बहने के कारण मौजा की हालत चिंताजनक बनी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जेल प्रशासन पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठा हुआ है। चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

यह स्पष्ट हो चुका है कि बंदियों के दो गुटों में विवाद हुआ और एक बंदी को गंभीर चोटें आई। इसके बावजूद जेल प्रशासन ने किसी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। चौकाने वाली बात तो यह है कि उच्चाधिकारियों को भी जेल प्रशासन ने इसकी रिपोर्ट देना गवारा नहीं समझा। यही वजह है कि चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है ।जेल में टकराव की संभावना बढ़ी बंदी मौजा के बाद जेल के भीतर टकराव के हालात और बढ़ गए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही इसी तरह के एक विवाद के चलते चार बंदियों को प्रदेश की अलग अलग जेलों में शिफ्ट करदिया गया था लेकिन इस मामले में जेल प्रशासन कोई एक्शन लेने को तैयार नहीं है। आरोप तो यहां तक है कि मामले को मैनेज करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जूतों के शोरूम में भीषण आग

**1 किमी दूर से दिखा धुआं, दमकल की 11 गाड़ियों ने 2 घंटे में आग पर काबू पाया**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , शाम 3 बजे जूतों के शोरूम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को चपेट में ले लिया है। ऊंची-ऊंची लपटें उठीं। एक किमी दूर से धुआं दिखा। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। हादसे में शोरूम में रखे लाखों रुपए के जूते जलकर राख हो गए। साप्ताहिक छुट्टी होने से शोरूम बंद था। इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई।

### पहले भी दो बार लग चुकी है आग

गाजियाबाद के घंटाघर स्थित इस जूतों के शोरूम में इससे पहले भी दो बार आग लग चुकी है। खास बात यह है कि दोनों बार की तरह इस बार भी आग शोरूम की तीसरी मंजिल पर ही लगी। आग लगते ही लपटें तेजी से ऊपरी मंजिल में फैल गईं और शोरूम की बाहर की कांच की खिड़कियों से भी आग की लपटें निकलने लगीं। घटना के समय ऊपरी मंजिल पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। आस पास के व्यापारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया- 3 बजकर 6 मिनट पर हमें जानकारी मिली कि गाजिबाद के घंटाघर के पास मौजूद एक शोरूम में आग लगी है। आग भीषण रूप ले रही है। इस पर हमने तुरंत कोतवाली घंटाघर से 6 दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजीं। वहीं, साहिबाबाद और अन्य क्षेत्र से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुल 11 गाड़ियों ने आग पर काबू पायाघटना के समय गाजियाबाद में बारिश भी हो रही थी। बारिश के कारण आग तेजी से नहीं फैल सकी, इससे राहत एवं बचाव कार्य में मदद मिली।

## शैंकी का शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

**मां, पत्नी और पिता का रो-रोकर बुरा हाल, उत्तराखंड हादसे में हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,उत्तराखंड के चकराता में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने मेरठ के दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। कंकरखेड़ा की सैनिक विहार कॉलोनी निवासी शैंकी व ऋषभ की कार के 250 फीट गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सैनिक विहार कॉलोनी में मातम पसरा हुआ था ।सबसे मार्मिक बात यह है कि दोपहर तक परिवार की महिलाओं को शैंकी की मौत की जानकारी नहीं दी गई थी। शाम करीब सात बजे शव घर पहुंचा तो वहां कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। उधर, ऋषभ के शव को लेकर परिजन पहले ही बुलंदशहर रवाना हो चुके थे। कंकरखेड़ा सैनिक विहार कालोनी के बी-ब्लॉक निवासी शैंकी और ए-ब्लॉक निवासी ऋषभ अपने तीन दोस्तों के साथ देहरादून जनपद के चकराता में घूमने गए थे। शाम करीब पांच बजे वहां उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 250 फीट गहरी खाई में जा गिरी ।हादसा इतना भीषण था कि शैंकी व ऋषभ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिजनौर के ग्राम शिवाला कला निवासी विशु, नूरपुर निवासी भुवन और किरतपुर निवासी प्रशांत घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है ।महिलाओं को नहीं बताया मौत का सच शाम हादसे के कुछ घंटे बाद ही शैंकी व ऋषभ से जुड़ी सूचना परिवार के कुछ लोगों को मिल गई। दोनों की मौत हो चुकी है, इन लोगों को पता चल चुका था। ऐसे में तय किया गया कि महिलाओं को केवल हादसे की जानकारी दी जाएगी ।ऐसा ही किया गया। इसके बाद शैंकी का भाई कुछ लोगों को लेकर देहरादून रवाना हो गया। दोपहर तक भी महिलाओं को यह नहीं बताया गया था कि शैंकी की मौत हो चुकी है। शाम को परिवार के लोग देहरादून से शैंकी का शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।घर से बाइक लेकर निकला था शैंकी शैंकी शनिवार को अपने घर से बुलेट बाइक लेकर निकला था। ऐसी जानकारी वहां मिले कुछ लोगों से लगी है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसकी बाइक कहां खड़ी है और यह सभी लोग किस स्थान से कार में सवार हुए थे ।दुर्घटनाग्रस्त कार भी मेरठ नंबर की है, लेकिन यात्रा की पूरी कड़ी अभी सामने नहीं आ सकी है। परिवार को देहरादून जाने के बाद कुछ जानकारी लगी है लेकिन वह फिलहाल इस पर कुछ भी बोलने या बताने की स्थिति में नहीं हैं ।हादसे की सूचना पर पहुंचने लगे रिश्तेदार शैंकी की फरवरी में ही दिल्ली निवासी युवती से शादी हुई थी। ऐसे में जिस भी रिश्तेदार को इस हादसे की जानकारी लगी, वह दोपहर वास्तविकता जानने के लिए घर ही पहुंच गया ।परिवार के कुछ लोग रात में ही उत्तराखंड पहुंच चुके थे।

## सुरभी इंटरनेशनल कंपनी में लगी आग

**फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने ढ़ाई घंटे में पाया काबू, शॉट सर्किट से हादसा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,सेक्टर-88 स्थित सुरभी इंटरनेशनल कंपनी में देर रात 11:55 बजे आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में ग्राउंड फ्लोर से होते हुए पहली और दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के समय कंपनी बंद थी, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई।8 गाड़ियों ने पाया काबू मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रदीप चौबे ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही आठ दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे तक लगातार प्रयास कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया ।शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि, आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है मशीनें और सामान जलकर राख आग की चपेट में आने से कंपनी में रखा सामान, तैयार माल और मशीनरी जलकर राख हो गई।

## पुलिस ने पकड़े पंजाबी गिरोह के 8 बदमाश

**गिरोह बनाकर घर-बाजार में घूमते, फिर करते थे लूटपाट; आरोपियों में 2 नाबालिग**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सागर ऊर्फ पंजाबी गिरोह के 8 बदमाशों को नोएडा की थाना सेक्टर-20 पुलिस ने दोपहर करीब 12 बजे पकड़ा है। इसमें दो नाबालिग है। ये सभी एक गिरोह की तरह काम कर रहे थे। इनका सरगना सागर उर्फ पंजाबी अभी फरार है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि ये लोग बीते कई सालों से इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे थे।

### कैलाश के पास से गिरफ्तार

एडीसीपी ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से इन सभी को कैलाश कट, सेक्टर-27 के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान दानिश, अप्पु उर्फ संदीप, विकास, साहिल उर्फ शुभम, शरद सिंह देव, सूरज कुमार गुप्ता है। वहीं दो नाबालिग भी है जिनको पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनके पास से चोरी की तीन बाइक , तमंचा बरामद किया गया।




### गिरोह में दुकानदार भी शामिल

उन्होंने बताया कि ये सभी शातिर किस्म के अपराधी है। गिरोह बनाकर रैकी करके मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन चोरी करते थे। पकड़ा गया सूरज कुमार गुप्ता मोबाइल की दुकान चलाता है। जिसका काम फोन का लॉक तोड़ना और कस्टमर को सस्ते दामों पर मोबाइल बेचना है। पकड़े गए बदमाश कक्षा 5वीं तक पढ़े है।

## नोएडा पुलिस ने वाहन चोर का हाफ एनकाउंटर किया

**पैर में गोली मारी, जीआईपी के पास से टैक्सी कार चोरी की थी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-39 थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके नाबालिग साथी को भी अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर टैक्सी, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में मॉल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान लेबर चौक की ओर से आ रही एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक कार लेकर तेज रफ्तार से सदरपुर की ओर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी सेक्टर-42 के जंगल के पास कार छोड़कर भागने लगा।

### पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

पीछा किए जाने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी की पहचान भानु उर्फ सागर (22) निवासी जेजे कॉलोनी, सेक्टर-18, नोएडा (मूल निवासी अल्मोड़ा, उत्तराखंड) के रूप में हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हरदोई में साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई, विशेष अभियान में 25 शातिर गिरफ्तार

**कासिमपुर पुलिस ने नौ आरोपियों को दबोचा, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील**

**अमन लेखनी समाचार**



कासिमपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में जनपदभर में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत हरदोई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 25 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। इसी अभियान के तहत थाना कासिमपुर पुलिस ने नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय पाल निवासी बेहन्दर, रामकिशोर निवासी बहलोलपुर, प्रेमलता, सर्वेश, रवि एवं अरुण निवासी अकबरपुर बेहन्दर, राजकुमार निवासी अकबरपुर तलहू, हरीशचन्द्र निवासी बहलोलपुर तथा सुमित निवासी कुडौनी थाना कासिमपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, फर्जी लिंक, बैंक खाते अथवा ओटीपी संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की आशंका हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## महिला ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा (झांसी)। गरौठा कोतवाली क्षेत्र के मथनिया गांव की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एवं एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां द्वारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 5 जुलाई 2026 को सुबह करीब 10 बजे गांव का ही छोटू रैकवार (उम्र लगभग 22 वर्ष) उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर ग्राम गुड़ा स्थित झारखंड मंदिर के जंगल में ले गया। आरोप है कि मंदिर से कुछ दूरी पर बबूल की झाड़ियों के पास युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी पीड़िता को मोटरसाइकिल से मऊरानीपुर क्षेत्र के ग्राम भंडरा ले गया। वहां पीड़िता के रोने-चिल्लाने पर आसपास के लोग एकत्र होने लगे। भीड़ को देखकर आरोपी कथित रूप से जातिसूचक गालियां देते हुए तथा जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 65(1), 352, 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(५), 3(1)(द) एवं 3(1)(घ) सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जांच के आधार पर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म एवं धमकी देने के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तकनीकी एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर मध्य प्रदेश से अभियुक्त की गिरफ्तारी।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा थाना अनपरा पुलिस के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-105/2026, धारा 69, 351(3), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सूरज शाह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया वादीनी की तहरीर के आधार पर थाना शक्तिनगर पर अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मु0अ0सं0-105/2026, धारा 69, 351(3), 352 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्त द्वारा व्हाट्सएप उपयोग किए जाने के आधार पर उसके नए मोबाइल नंबर विकसित किए गए। प्राप्त लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम भोपाल (मध्य प्रदेश) पहुंची। प्रारंभिक दबिश के दौरान अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से बच निकला तथा उसने अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया। इसके बावजूद पुलिस टीम लगातार भोपाल में डटी रही तथा तकनीकी विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक एवं धरातलीय अभिसूचना तथा सटीक एम्बुश के आधार पर अभियुक्त को दिनांक 07.07.2026 को कोकता मल्टी ट्रांसपोर्ट नगर, एमआईजी ब्लॉक-अ1, कक्ष संख्या-203, भोपाल (मध्य प्रदेश) से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा दिनांक 08.07.2026 को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## खरीफ अभियान 2026 जनपद में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक उपलब्ध

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। खरीफ अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की संस्तुति के आधार पर जनपद की 41 सहकारी समितियों को कुल 603.36 मीट्रिक टन यूरिया तथा 36 सहकारी समितियों को कुल 462.00 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का आवंटन स्वीकृत किया गया है। पीसीएफ द्वारा सहकारी समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक भेजने की कार्यवाही जारी है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा अधिकृत उर्वरक केंद्र से संपर्क कर आवश्यक उर्वरक निर्धारित मूल्य पर ही प्राप्त करें। यदि कहीं कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव की सूचना मिले तो तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## 10 जुलाई को सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन, युवाओं को मिलेगा निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए दिनांक 10.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 08 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें क्वेस कार्प लि० (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज, रेनूकुट, सोनभद्र), लर्नर प्रा०लि०, गुड़गाँव, ठाकुर पब्लिकेशन, लखनऊ, कैस्पर माईक्रो क्रेडिट, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, सोन आटोमोबाइल जोन, राबर्ट्सगंज, सुप्रिया सोलर रावर्ट्सगंज, स्मार्ट वेल्थ प्राल्नर, रावर्ट्सगंज, इण्डियन एसोसिएट्स, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में 15 जुलाई को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि आगामी निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में 15 जुलाई, 2026 को अपराह्न 02:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मतदेय स्थलों के सम्भाजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे, जिससे निर्वाचन संबंधी तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रतिभाग करें ताकि मतदेय स्थलों के सम्भाजन की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

## अधिवक्ता उमापति पांडेय का भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उमापति पांडेय को उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन (पंजीकृत), लखनऊ (उपकास) की 67वीं प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक, जो विगत दिनों आजमगढ़ में आयोजित हुई थी, में उपकास के प्रांतीय अध्यक्ष आर. पी. यादव द्वारा प्रांतीय जोनल कमेटी का को-कन्वीनर मनोनीत किए जाने पर आज दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा नगर के एक होटल में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर बार के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने श्री पांडेय को पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। वक्ताओं ने कहा कि उमापति पांडेय का दीर्घकालीन अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण तथा अधिवक्ताओं के हितों के लिए उनका निरंतर योगदान उपकास को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाएगा। अपने सम्मान से अभिभूत उमापति पांडेय ने उपकास के प्रांतीय नेतृत्व, विशेष रूप से प्रांतीय अध्यक्ष आर. पी. यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा प्रदेश भर के कर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे। कार्यक्रम का वातावरण आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण रहा तथा उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने श्री पांडेय के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें पुनः शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर उपकास के प्रांतीय महामंत्री राकेश शरण मिश्र दी सोनभद्र टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश देव पाण्डेय, उपाध्यक्ष सुरेंद्र केशरी, महामंत्री फैजान अंसारी, सहसचिव प्रदीप धर द्विवेदी वी के रावत, प्रवक्ता राकेश पति तिवारी रमेश केशरी, जनार्दन पांडेय प्रसिद्ध नाथ सोनी चेयरमैन एल्डर कमेटी कृष्णकांत तिवारी सदस्य एल्डर कमेटी अधिवक्ता सतीश पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राम मंदिर चंदा मामले में दोषी नहीं बचेंगे, 2027 में भाजपा फिर बनाएगी सरकार : पंकज चौधरी

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने सोनभद्र दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए संगठन, प्रदेश की राजनीति, राम मंदिर चंदा प्रकरण और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वह लगातार प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके तथा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित हो। उन्होंने बताया कि सोनभद्र प्रवास के दौरान वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। राम मंदिर चंदा मामले से जुड़े सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी होगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच निष्पक्ष होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर का विषय करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है और इस तरह के किसी भी प्रकरण से भारतीय जनता पार्टी को चुनावी नुकसान नहीं होने वाला है। जनता भाजपा की नीयत और कार्यों को अच्छी तरह जानती है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि जो लोग आज भाजपा पर सवाल उठा रहे हैं, वही अतीत में रामभक्तों पर गोली चलाने वाली राजनीति का हिस्सा रहे हैं। जनता ऐसे लोगों के बहकावे में आने वाली नहीं है और सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। सोनभद्र के विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिले में नए उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और पलायन पर भी रोक लगेगी। भाजपा सरकार प्रदेश के संतुलित विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पार्टी के सभी बड़े नेताओं के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा एक बार फिर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाना है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पीड़िता की शिकायत पर कासिमपुर पुलिस ने दर्ज किया केस, मारपीट व वीडियो वायरल करने की धमकी का भी आरोप**

**अमन लेखनी समाचार**

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2019 में उसकी पहचान उन्नाव जनपद के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के चक हनुमान निवासी अजय त्रिपाठी से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी का भरोसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2023 में दोनों एक ही कंपनी में कार्यरत थे। इस दौरान भी आरोपी शादी का आश्वासन देता रहा, लेकिन बाद में विवाह से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि 15 मई 2026 को जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही निजी वीडियो और चैट सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी धमकी दी गई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने फोन कर उसे डराने और समझौते का दबाव बनाने का प्रयास किया। पीड़िता ने 23 जून 2026 को कासिमपुर थाने में तहरीर दी थी। प्रारंभिक कार्रवाई न होने पर दोबारा शिकायत करने के बाद पुलिस ने अजय त्रिपाठी, सौरभ त्रिपाठी, सोनी त्रिपाठी और शिवम त्रिपाठी के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोल्हुई पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा के नेतृत्व में थाना कोल्हुई पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 08.07.2026 को थाना कोल्हुई पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म-जरायम एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोल्हुई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 49/2026 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस एवं 5ख(कक)/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मदन पाण्डेय पुत्र स्व. नरेश पाण्डेय, निवासी हरैया पंडित, थाना कोल्हुई, जनपद महराजगंज (उम्र लगभग 21 वर्ष) को मेहरौना चौराहा से समय करीब 18:30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया

## मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का हुआ शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

ओबरा सोनभद्र। तहसील सभागार ओबरा में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत सेवारत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को डेमो कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रदेशभर के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्कूल बैग एवं स्वेटर की खरीद के लिए 1200 की डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) राशि हस्तांतरित किए जाने का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा 5 सितम्बर 2025 को की गई घोषणा को सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद अब धरातल पर लागू कर दिया गया है। इस योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख, विकासखंड चोपन लीला देवी गोंड रहीं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रूबी मिश्रा उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में तहसीलदार नरेंद्र राम, नायब तहसीलदार रजनीश यादव, खंड विकास अधिकारी (कोन) जितेंद्र नाथ दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी (कोन) विश्वजीत तथा खंड शिक्षा अधिकारी (चोपन) लोकेश कुमार मिश्रा शामिल रहे। तहसील सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे विकासखंड चोपन एवं कोन के लगभग 200 से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोइयों ने देखा और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसबीआई बैंक के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की जानकारी भी साझा की गई। इसके अलावा ₹हरित एवं स्वच्छ विद्यालय₹ अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के संबंध में भी चर्चा की गई, जिससे उपस्थित शिक्षाकर्मियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी चोपन लोकेश कुमार मिश्रा ने किया, जबकि मंच संचालन राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मनीष पटेल ने किया।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 की धनराशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का भी निष्पादन किया गया। जनपद सोनभद्र में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने देखा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से संबंधित प्रमाण- पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगी। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, समाज कल्याण राज्य मंत्री के प्रतिनिधि संजीव कुमार तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।यदि आपके कार्यालय की पिछली प्रेस विज्ञप्तियों जैसा बिल्कुल वही प्रारूप चाहिए, तो उसी शैली में भी तैयार किया जा सकता है।

## जीएसटी की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को सौंपा गया 18 सूत्रीय ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र/लखनऊ। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन (पंजी0) लखनऊ के प्रांतीय महामंत्री राकेश शरण मिश्र ने आज भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को जीएसटी व्यवस्था से संबंधित अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं करदाताओं की विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं के समाधान हेतु 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जीएसटी कानून एवं उसकी प्रक्रियाओं में व्याप्त व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने, करदाताओं के हितों की रक्षा करने, अनावश्यक नोटिस एवं दंडात्मक कार्यवाहियों पर नियंत्रण, अपील व्यवस्था को सरल एवं प्रभावी बनाने, तकनीकी बाधाओं का निराकरण तथा व्यापार एवं उद्योग के लिए सुगम कर वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई। श्री मिश्र ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सरल एवं न्यायसंगत बनाने के लिए समयबद्ध सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आग्रह किया कि ज्ञापन में उल्लिखित सभी 18 बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर शीघ्र प्रभावी निर्णय लिया जाए, जिससे प्रदेश के लाखों करदाताओं, व्यापारियों एवं कर अधिवक्ताओं को राहत मिल सके। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ज्ञापन प्राप्त कर उसकी मांगों पर सकारात्मक एवं गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कमर में हो अकड़न और दर्द



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. बी. ए. चौरसिया
कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत हैं कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्स्ट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

## इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ व ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपिटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिसः** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐंठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरियाः** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री):** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटीः** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है। चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंगः** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजाः** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

## इलाज के बारे में


- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

## तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय



- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

डाइट

राजकुमार दिनकर

# जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजहः** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुननाः** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलावः** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *



ट्रीटमेंट

डॉ. देवेंद्र कुमार
दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

# आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर

दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

## क्या है पोस्ट एंड कोर

**पोस्टः** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोरः** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

## क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।



## क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

प्रस्तुतिः सुषमाश्री

# युद्धविराम के बाद युद्ध




अमरीका और ईरान के दरमियान कथित युद्धविराम 20-21 दिन ही टिक सका। अंततः बीती 8 जुलाई को तडके 3-4 बजे ही ईरान के 80 से ज्यादा ठिकानों पर अमरीका ने ताबड़तोड़ हमले कर उसे दहला दिया। खौफ, अस्थिरता और संभावित हमलों की एक लहर ने खाड़ी देशों में झनझनाहट पैदा कर दी। जो सामान्य होने की उम्मीद कर रहा था, उसे असामान्य हालात में झोंक दिया। विश्व कांप उठा। बेशक ये हमले अप्रत्याशित, अनसोचे थे। पलटवार में ईरान ने भी दावा किया है कि उसने कुवैत, बहरीन, सऊदी अरब, जॉर्डन में करीब 85 ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। बहरीन में अमरीकी नौसेना के 5वें बेड़े पर हमला किया गया। ओमान की खाड़ी में मौजूद अमरीकी जहाज को भी निशाना बनाकर क्षतिग्रस्त किया। बहरीन और कुवैत में बिजली की लाइन पर ऐसा हमला किया गया कि इलाका अंधेरे में डूब गया। अमरीकी सेना ने होर्मुज के पास 3 शहरों पर हवाई हमले कर उन्हें दहला दिया गया, जबकि 10 से अधिक शहरों पर बम बरसाए गए। ईरान की महत्वपूर्ण बंदर अब्बास बंदरगाह की बिल्कुल तबाही की खबरें सामने आई हैं और वहां मौजूद कई जहाज क्षतिग्रस्त भी हुए हैं। हमलों में ईरान की आईआरजीसी की 60 से अधिक पॉवर बोट्स को भी तबाह करने का दावा किया गया है। ईरान के सैन्य ठिकानों, वायु रक्षा प्रणाली, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, ड्रोन के ठिकानों पर अमरीकी हमले किए गए। बुशहर के परमाणु केंद्र के पास भी विस्फोट किए गए। सिरिक बंदरगाह और केश्म द्वीप के तेल ठिकानों पर भी मिसाइलें मारी गईं। हमलों में 8 ईरानी सैनिक मारे गए हैं, यह भी खबर है। सारांश यह है कि ईरान युद्ध का एक और चरण थोपा जा रहा है। यह अहंकार और विनाश का युद्ध है। अमरीका ही नहीं, इजरायल ने भी ईरान पर हमले बोलने की तैयारियां कर ली हैं। वहां के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने नया खुलासा किया है कि ईरान के पास रासायनिक हथियार हैं। ऐसे ही आरोप अमरीका ने इराक के तत्कालीन तानाशाह राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर लगाए थे कि इराक में जैविक, रासायनिक अस्त्र हैं, नतीजतन तबाही और मौतें व्यापक हो सकती हैं, लेकिन कुछ भी नहीं निकला और सद्दाम को फांसी पर लटका दिया गया।

बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया है कि युद्धविराम समाप्त हो गया है। उन्होंने ईरानियों को सनकी, धोखेबाज, झूठे, नीच, क्रूर आदि करार दिया है। ट्रंप ने ये अपशब्द अंग्रेजी में बोले हैं। कितना निचला स्तर है अमरीकी राष्ट्रपति का! ट्रंप का मानना है कि ईरान का नेतृत्व गलत हाथों में है, लिहाजा उससे बातचीत करना और समझौते की उम्मीद करना वक्त की बबार्दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अब वह ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं करेंगे। अब ईरान कहर झेलने को तैयार रहे। हम ईरान के तटों को नरक बना देंगे। ट्रंप इतने अनिश्चित, अस्थिर हैं कि उनके बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, लेकिन युद्धविराम के बाद युद्ध के उनके आदेश और ऐलान के बाद ही कच्चे तेल की कीमत 6 फीसदी उछल गई। अब तेल की कीमत करीब 79 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। दुनिया के लगभग सभी देशों के शेयर बाजार धड़ाम गिरे हैं। एकदम हाहाकार मचना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ ने परामर्श जारी किया है कि 31 अगस्त तक ईरान-इराक वायु क्षेत्र में उड़ान न भरें। ईरान ने होर्मुज फिर बंद करने का ऐलान किया है, तो अमरीका ने फिर नाकेबंदी का आदेश दिया है। ईरान पर से जो पाबंदियां समझौते के सहमति-पत्र के तुरंत बाद उठा ली गई थीं, 7 जुलाई से फिर उन्हें थोप दिया गया है। अमरीका के वित्त विभाग ने जो छूट दी थी, उसे रद्द कर दिया गया है और लाइसेंस खारिज कर दिए गए हैं। शांति के समझौते की नियति यही है। होर्मुज में करीब 350 जहाज-टैंकर फंस गए हैं, जिन पर करीब 6000 नाविक सवार हैं। भारत के भी 9 जहाज फंसे हैं, जिन पर 198 नाविक मौजूद हैं। विदेश मंत्रालय ने सभी को सुरक्षित माना है। भारतीय मुद्रा रुपया 63 पैसे टूटा है और एक डॉलर के मुकाबले 95.59 रुपए हो गया है। ये हमले तब किए गए हैं, जब ईरान अपने सुप्रीम लीडर रहे खामेनेई पर मातम मना रहा है। अमरीका ने देर रात ईरान पर 150 हमले किए। प्रमुख चाबहार बंदरगाह पर भी हमला किया गया है। युद्ध पूर्णतः छिड़ चुका है। ईरान ने भी दावा किया है कि उसने कई देशों में स्थित अमरीका के सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। ईरान के एक नेता ने बताया कि होर्मुज को हम अपनी शर्तों पर खोलेंगे। इस मामले में अमरीका की धमकियों से हम डरने वाले नहीं हैं। ईरान जब चाहेगा तो होर्मुज को खोला जाएगा। होर्मुज खोलने के लिए ईरान ने अपनी कुछ शर्तें रखी हैं। जब तक यह शर्तें नहीं मानी जाती, होर्मुज बंद रहेगा।